राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 266, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 09 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

मोदी सरकार ने सुनियोजित तरीके से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए लाखों करोड़ रुपए का .... पेज 03

स्थानीय निकायों में कार्यरत भूतपूर्व सैनिकों की पूर्व सेवाएं जोड़ी जायें : हाईकोर्ट .... पेज 05

टी-20 विश्वकप क्वालीफायर के समापन के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर पर .... पेज 07

## कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस में सीटों का बंटवारा घोषित

नयी दिल्ली। कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने आगामी लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर की सभी पांच और लद्दाख की एकमात्र सीट पर चुनावी तालमेल के साथ अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा कर दी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख की लोकसभा सीटों पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के बीच सहमति हो गयी है। अब्दुल्ला ने बताया कि दोनों पार्टियां दोनों केंद्र शासित क्षेत्रों को मिलाकर तीन-तीन सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। उधमपुर, जम्मू और लद्दाख लोकसभा सीट से कांग्रेस तथा नेशनल कांफ्रेंस अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव क्षेत्र से अपने प्रत्याशी उतारेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उधमपुर सीट से चौधरी लाल सिंह और जम्मू सीट से रमन भल्ला को टिकट दिया है। अनंतनाग सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के मियां अल्ताफ साहिब उम्मीदवार बनाये गये हैं।

# एमपी-छत्तीसगढ़ समेत 4 राज्यों में बारिश-ओले का अलर्ट




### गुजरात समेत देश के 8 राज्यों में चलेगी लू, 43 डिग्री पहुंचा तापमान

नई दिल्ली। देश के 14 राज्यों में रविवार से शुरू हुआ बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा। मध्यप्रदेश के सिंगरौली, सागर के गौरझामर, देवरी और नर्मदापुरम के बनखेड़ी सहित आसपास के इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक ओडिशा, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में आज बारिश के साथ ओले गिरने की भी संभावना है। वहीं, केरल, तेलंगाना, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में हल्की बरसात हो सकती है। गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहेगा। इन राज्यों का मौजूदा तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। रविवार को सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया था।

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर भारत, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य महाराष्ट्र में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा 9 से 12 अप्रैल के बीच केरल, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में बारिश हो सकती है।

#### आगे कैसा रहेगा मौसम?

उत्तर भारत में इस सप्ताह दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस टकराने वाले हैं। जिससे उत्तर भारत का तापमान एक बार फिर करवट लेगा। पहला वेस्टर डिस्टर्बेंस 10 अप्रैल और दूसरा 13 अप्रैल को एक्टिव होगा। मौसम विभाग की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार उत्तर भारत में हिमाचल प्रदेश में 10 से 13 अप्रैल तक बारिश होने की संभावनाएं बनी हुई हैं।

वहीं, पंजाब और चंडीगढ़ में 13 अप्रैल को बारिश होने के आसार बन रहे हैं। फिलहाल कुछ दिन पंजाब व चंडीगढ़ में मौसम खुश्क ही रहेगा और गर्मी बढ़ेगी।

# बिना फैसले के मामलों को रिजर्व रखना गलत : सीजेआई

### महीनों बाद सुनवाई पर मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं, जज भी भूल जाते हैं

नई दिल्ली। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अदालती मामलों को महीनों रिजर्व रखने के जजों के रवैये पर नाराजगी जताई है। सीजेआई ने सोमवार (8 अप्रैल) को एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि जज बिना फैसला सुनाए किसी केस को 10 महीनों से ज्यादा समय तक रिजर्व रखते हैं। यह चिंता का विषय है।



चंद्रचूड़ ने कहा- इतने लंबे समय के बाद केस पर दोबारा सुनवाई हो तो पिछली सुनवाई के दौरान रखी गई मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं। जज भी कई बातें भूल जाते हैं। सीजेआई ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर सभी हाईकोर्ट को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा- लेटर के बाद मैंने देखा कि कई जज केवल मामलों को डी-रिजर्व करते हैं, लिस्टिंग करते हैं और फिर आंशिक सुनवाई करते हैं। हमें उम्मीद है कि देश के अधिकतर हाईकोर्ट में यह चलन नहीं है। सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने हाईकोर्ट से कहा कि मामले को जल्दी निपटाएं और पहले संक्षिप्त सुनवाई के लिए मामले को दोबारा लिस्टेड करें। हम आपके (हाईकोर्ट्स) के बोझ को समझते हैं।

#### कोर्ट के फैसलों पर वकीलों की टिप्पणी परेशान करती है

इससे पहले सीजेआई ने (5 अप्रैल) को पुणे में कहा था कि न्यायपालिका के कंधे चौड़े हैं और वह प्रशंसा के साथ-साथ आलोचना भी सह सकती है। हालांकि, पेंडिंग मामलों और फैसलों पर वकीलों का टिप्पणी करने की आदत काफी परेशान करती है। सीजेआई हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा-बार एसोसिएशन के सदस्यों और पदाधिकारियों को अदालत के फैसलों पर प्रतिक्रिया देते समय खुद को आम व्यक्ति से अलग करना चाहिए। मैं बार एसोसिएशन के सदस्यों की लंबित मामलों और निर्णयों पर टिप्पणी करने की आदत से बहुत परेशान हूं। आप अदालत के सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण अधिकारी हैं। हमारी कानूनी चर्चा की सच्चाई और गरिमा आप के हाथ में है। भारत का संविधान एक समावेशी संविधान है। जिसका उद्देश्य कसाई, बेकर और मोमबत्ती निर्माता यानी अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाना है।

# शोपियां में आतंकियों ने गैर कश्मीरी को गोली मारी

### दिल्ली का रहने वाला है ड्राइवर परमजीत, अस्पताल में भर्ती

जम्मू-कश्मीर में एक और प्रवासी मजदूर पर जानलेवा हमला हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, शोपियां इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों ने प्रवासी मजदूर पर धुंआधार फायरिंग कर दी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास की जगहों की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ित व्यक्ति की पहचान परमजीत सिंह के तौर पर हुई है जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का रहने वाला है। परमजीत गाड़ी लेकर शोपिया इलाके में आए हुए थे। सोमवार देर शाम को आतंकियों ने उसे निशाना बनाकर गोलीबारी की। उन्हें पास से गोली मारी गई है। गोली चलने की आवाज सुनकर लोगों की तरफ से पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उन्हें उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस हमले के बाद पूरे इलाके को सील किया गया है।

#### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तैयार की 100 बदमाशों की सूची

यह खबर ऐसे समय सामने आई है जब जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तैयार की 100 बदमाशों की सूची तैयारी की है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कठुआ गोलीबारी में उप निरीक्षक के शहीद होने और एक बदमाश के मारे जाने के कुछ दिनों बाद एक लिस्ट शेयर की। इसमें पिछले 15 वर्षों में विभिन्न जिलों से सक्रिय 100 से अधिक बदमाशों के नाम हैं। पुलिस विभाग के सूत्रों ने बताया कि इसमें 116 सक्रिय गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात अपराधियों के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा, पंजाब, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से पुलिस और बदमाशों के बीच गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही थीं।

## मोदी की टिप्पणी से भड़के खडगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को भाजपा के पुरखों पर आजादी की लड़ाई में देश का नहीं, बल्कि अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ देने का आरोप लगाया। खडगे ने कहा कि मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं और तरह-तरह का भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी विचारधारा ने आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों का साथ दिया तथा मुस्लिम लीग का समर्थन किया। उन्होंने कहा, मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के ख़िलाफ़, अंग्रेज़ों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए कांग्रेस न्याय पत्र के ख़िलाफ़ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं।

## दिल्ली के अस्पतालों में दवाओं की कमी की करायेंगे जांच : भारद्वाज

नयी दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने राष्ट्रीय राजधानी के अस्पतालों और औषधालयों में दवाओं की कथित कमी पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि उनकी सरकार इस मामले की विस्तृत जांच करायेगी। भारद्वाज ने यहां संवाददाताओं से कहा, कई दिनों से मीडिया में खबरें आ रही हैं कि मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं की कमी देखी जा रही है। मैंने स्वास्थ्य सचिव और मुख्य सचिव को इस संबंध में लिखित में दिशा-निर्देश दिए हैं, लेकिन वे लगातार कह रहे हैं कि मोहल्ला क्लिनिक और अस्पतालों में दवाओं की कोई कमी नहीं है।

## बीआरएस नेता कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति 2021-2022 कथित घोटाला से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान परिषद सदस्य के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने यह आदेश पारित किया। विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) और याचिकार्ता सुश्री कविता की दलीलें ने विस्तार से सुनने के बाद 04 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। बीआरएस नेता कविता फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी न्यायिक हिरासत अवधि नौ अप्रैल को समाप्त होने वाली है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 के लिए दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीती) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का मुकदमा दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि कविता और कुछ अन्य लोगों ने शराब नीति में गलत तरीके से लाभ पाने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया सहित आम आदमी पार्टी के कुछ शीर्ष नेताओं के साथ 'साजिश' में शामिल थी।

## केरल सरकार ने करोड़ों की धोखाधड़ी की जांच सीबीआई को सौंपी

तिरुअनंतपुरम। केरल सरकार ने त्रिशूर स्थित एक निजी वित्तीय फर्म से जुड़ी सैकड़ों करोड़ रुपये की कथित वित्तीय धोखाधड़ी की जांच सीबीआई को सौंप दी है। पुलिस को हाई रिच ऑनलाइन शापी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित कथित मनी सर्कुलेशन योजना से संबंधित सभी मामले सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों का कहना है कि दूसरे राज्यों के लोगों की संलिप्तता के कारण सीबीआई जांच की सिफारिश करने का निर्णय लिया गया। उच्च रिटर्न का वादा करने वाले व्यक्तियों से कथित तौर पर 700 रुपये और उससे अधिक का प्रारंभिक भुगतान एकत्र करने वाली कंपनी ने करीब 750 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार, योजना पूरे भारत में संचालित होती है और इसके 1.5 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।

# चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर टीएमसी सांसदों का प्रदर्शन

### एनआईए, ईडी और सीबीआई डायरेक्टर को हटाने की मांग, डेरेक ओ ब्रायन को पुलिस उठा ले गई

नई दिल्ली। दिल्ली में इलेक्शन कमीशन ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीएमसी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डेरेक ओ ब्रायन को पुलिस उठाकर ले गई। 10 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल इलेक्शन कमिश्नर से मिलने पहुंचा था। इसके बाद सभी धरने पर बैठ गए।



सोमवार 8 अप्रैल की शाम को पुलिस ने नेताओं को उठा दिया। टीएमसी नेताओं ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर प्रदर्शन किया था। धरना देने वालों में टीएमसी के 5 सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष शामिल रहे। वहीं, तीन पूर्व सासंद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास मौजूद रहे। इसके अलावा विधायक विवेक गुप्ता और टीएमसी युवा नेता सुदीप राहा भी धरना दे रहे थे। इनकी मांग है कि एनआईए के डीजी, ईडी और सीबीआई के डायरेक्टर को तुरंत हटाया जाए। भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने कहा- जनता जानती है कि टीएमसी लोकतंत्र को बचाने के लिए नहीं, बल्कि शाहजहां शेख को बचाने के लिए प्रदर्शन कर रही है। शेख टीएमसी का नेता रह चुका है। उस पर संदेशखाली में ईडी पर हमले और महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। 29 फरवरी को उसे गिरफ्तार किया गया था।

#### टीएमसी नेता अभिषेक बोले- सबूत के बावजूद नहीं हटाए जा रहे एनआईए डायरेक्टर

टीएमसी के जनरल सेक्रेटरी अभिषेक बनर्जी ने कहा, चुनाव आयोग सारे सबूत होने के बावजूद एनआईए डायरेक्टर और एनआईए एसपी को क्यों नहीं हटाता? ..अगर सिर्फ बीजेपी नेताओं की शिकायत पर पश्चिम बंगाल के डीजी को बदला जा सकता है तो फिर एनआईए डायरेक्टर को क्यों हटाया जा रहा है?

#### पुलिस हिरासत में बोले डेरेक- हमारी लड़ाई जारी रहेगी


दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने पर डेरेक ओ ब्रायन ने कहा, हम यहां लड़ने के लिए आए हैं। हम अपना शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। यह 100 प्रतिशत तानाशाही है। आज शाम 4: 30 बजे हम चुनाव आयोग से मिले और शाम 5: 45 बजे जब हम शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर बैठे थे। पुलिस वाले हमें उठा कर ले गए।

**लोकसभा चुनाव**

### 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान होने हैं जिनमें 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे

# पहले चरण के 16 फीसदी उम्मीदवारों पर क्रिमिल केस, 42 सीटों पर रेड अलर्ट

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कुल 1618 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें से 16 फीसदी यानी 252 के खइलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। नेशनल इलेक्शन वॉच और असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने प्रत्याशियों के शपथ पत्र का विश्लेषण करने का बाद यह डेटा जारी किया है।




बता दें कि 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान होने हैं जिनमें 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। इस बार सात चरणों में मतदान कराए जाने हैं। 19 अप्रैल के बाद 26 अप्रैल, 07 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार में सातों चरणों में चुनाव होने हैं। इसके बाद 4 जून को परिणाम घोषित किए जाएंगे। एडीआर रिपोर्ट की बात करें तो 10 फीसदी उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। सात ऐसे उम्मीदवार हैं जिनपर हत्या, 18 पर महिलाओं के खिलाफ अपराध (जैसे रेप) और 35 प्रत्याशियों के खिलाफ हेट स्पीच के माले दर्ज हैं। रिपोर्ट में पता चला है कि 77 में से 28 भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों और 56 में से 19 कांग्रेस के उम्मीदवारों ने शपथ पत्र में माना है कि उनपर आपराधिक केस दर्ज हैं। वहीं राष्ट्रीय जनता दल की बात करें तो इस चरण के चारों उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

#### 41 फीसदी सीटों पर रेड अलर्ट

डीएमके, सपा, टीएमसी और बीएसपी के आपराधिक मामले वाले उम्मीदवारों का प्रतिशत क्रमश: 59, 43, 40 और 13 है। 102 में से 42 लोकसभा सीटों पर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि रेड अलर्ट ऐसी सीटों पर जारी किया जाता है जिनपर तीन से अधिक उम्मीदवारों पर आपराधिक माले दर्ज होते हैं। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 1618 प्रत्याशियों में से 450 के पास 1 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। भाजपा के 90 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं। वहीं कांग्रेस के 88 फीसदी प्रत्याशियों के पास 1 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। वहीं इस बार पहले चरण में चुनाव लड़ने वाले 10 प्रत्याशी ऐसे भी हैं जिनका कहना है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है।

वहीं बात करें सभी प्रत्याशियों की औसत संपत्ति की तो यह 4.51 करोड़ है। टीएमसी के पांच प्रत्याशियों के पास औसतन 3.72 करोड़ की संपत्त है। संपत्ति के मामले में टॉप तीन प्रत्याशियों में कांग्रेस के नकुल नाथ (716 करोड़ से ज्यादा), ऐआईएडीएमके के अशोक कुमार (662 करोड़) और बीजेपी के देवनाथन यादव टी (304 करोड़) शामिल हैं।

# चलती कार में नाबालिग मॉडल से गैंगरेप

### दिल्ली से 3 युवकों ने लिफ्ट दी फिर कोल्ड ड्रिंक में कुछ पिला दिया; मुरादाबाद में छोड़कर भागे

मुरादाबाद। संभल में चलती कार में एक नाबालिग मॉडल से रेप का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि दिल्ली में तीन युवकों ने लिफ्ट दी। फिर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद चलती कार में सभी ने बारी-बारी से रेप किया। इसके बाद मुरादाबाद के एक होटल में छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने तीनों युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कोतवाली ने बताया कि आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें रवाना की गई हैं।

#### परिचित के थे तीनों आरोपी

नाबालिग लड़की मॉडलिंग करती है। उसने बताया, वो दिल्ली में मुरादाबाद आने के लिए वाहन का वेट कर रही थी। तभी उसके परिचित तीन युवक वहां पहुंचे। खुद भी मुरादाबाद जाने की बात कहकर लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठा लिया। रास्ते में युवकों ने उसे नशीला पदार्थ दिया। उसके साथ रेप किया। इसके बाद आरोपी उसे एक होटल में छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि वो भरत अपने साथी अनिल और सोनू के साथ कार लेकर पहुंचा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे देखकर कार रोक ली। कहा कि वो लोग भी मुरादाबाद जा रहे हैं। वो आरोपियों को पहले से जानती थी, इसीलिए विश्वास करके उनके साथ बैठ गई।



#### मॉडलिंग इवेंट के लिए जयपुर गई थी पीड़िता

पीड़िता ने कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर में कहा है- मैं संभल के एक गांव की रहने वाली हूं। 11वीं तक पढ़ी लिखी हूं। मेरी उम्र करीब 17 साल है। मैं 5 अप्रैल को मॉडलिंग इवेंट के लिए जयपुर गई थी। 6 अप्रैल को मैं बस से धौलाकुआं आई तो धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन पर मुझे भरत सिंह, अनिल और सोनू मिले। भरत सिंह अपनी ईको स्पोर्ट्स कार में था और उसके दोनों दोस्त भी उसी के साथ कार में सवार

## शार्ट न्यूज

### हैदराबाद में एक युवक की बेरहमी से हत्या

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में प्रगति नगर के बथुकम्मा घाट पर सोमवार तड़के तेजा नामक युवक की अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने नृशंस हत्या कर दी। चाकू से लैस हमलावरों ने तेजा की बेरहमी से हत्या करने की घटना का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। यह वीभत्स वीडियो परेशान करने वाला है। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, तेजा पहले से एक हत्या के मामले में शामिल था और हाल ही में जेल से निकला था। तेजा अपनी मां के साथ प्रगति नगर में रह रहा था। यह दुखद घटना रविवार की है, जब तेजा अपने दोस्तों के साथ शराब पी रहा था, तभी बथुकम्मा घाट पर तीन बजकर 30 मिनट पर अकेले तेजा पर एक समूह द्वारा घात लगाकर हमला किया गया, जिसके परिणामस्वरूप तेजा को छुरा घोपा गया। अपराधियों में से एक ने इंस्ट्राग्राम पर वीडियो साझा कि जिसमे हत्या में इस्तेमाल खून से सने चाकू को लहराते और नाचते हुये प्रतिशोध की भावना नजर आयी। पुलिस ने बताया कि मामले को दर्ज करके जाँच शुरू कर दी है।

### 66 लाख लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है : रेड्डी

ओंगोल। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा है कि वाईएसआरसीपी सरकार भ्रष्टाचार या जाति, धर्म और राजनीतिक संबद्धता के आधार पर भेदभाव किए बिना प्रति माह 66 लाख से अधिक लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान कर रही है और इस पर 2000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। रेड्डी मेमंथा यात्रा के 11वें दिन सोमवार को प्रकाशम जिले के दारसी मंडल के वेंकटचलमपल्ली गांव में इस योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने पेंशन वितरण में वर्तमान वाईएसआरसीपी सरकार और पूर्ववर्ती तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) सरकार के बीच भारी अंतर को समझाया। उन्होंने कहा, तेदेपा के शासन में केवल 39 लाख लाभार्थियों को पेंशन के रूप में प्रतिमाह 1000 रुपये मिलते थे, लेकिन चुनाव से दो महीने पहले उन्होंने इसे बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया था। अब हमने न केवल राशि बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया है, बल्कि इसे 66.34 लाख पात्र लाभार्थियों तक बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा, हम प्रति माह 2000 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं, जो प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपये होता है। पिछले पांच वर्षों में, हमने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वितरण पर 90,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं, जो देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है।

### सूखा राहत: शिवकुमार ने केंद्र पर कर्नाटक के प्रति अन्याय का लगाया आरोप

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को राज्य को सूखा राहत प्रदान करने में देरी के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की और साथ ही उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की इस स्वीकारोक्ति का भी हवाला दिया कि आम चुनावों की घोषणा के कारण इसमें देरी एक वजह है। शिवकुमार ने राजराजेश्वरी नगर में अपार्टमेंट मालिकों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा, निर्मला सीतारमण ने कहा है कि आम चुनावों की घोषणा के कारण कर्नाटक को सूखा राहत राशि देने में देरी हुई। यह कहकर माना कि सूखा राहत में देरी हुई है और केंद्र ने कर्नाटक के साथ अन्याय किया है। वह कर्नाटक पर सूखा राहत के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का आरोप लगा रही थीं। शिवकुमार ने केंद्र पर कर्नाटक के प्रति अन्याय का भी आरोप लगाया और चुनाव और सूखा राहत के बीच संबंध पर सवाल उठाया और पूछा, चुनाव और सूखा राहत के बीच क्या संबंध है? सीतारमण ने शनिवार को कहा था कि कर्नाटक को सूखा राहत देने में देरी हुई और यह जानबूझकर नहीं किया गया बल्कि केन्द्र सरकार को इसके लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेनी पड़ी।

### कोलकाता मेट्रो पर गंदगी फैलाने वालों पर लगेगा 500 रुपये का जुर्माना

कोलकाता। कोलकाता मेट्रो ने स्टेशन को स्वच्छ रखने के लिये गंदगी फैलाने वालों पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है। कोलकाता मेट्रो ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा, हाल ही में हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक बनी नयी ग्रीन लाइन पर यात्रियों को नियमित रूप से गंदगी (गुटखा थूकना) करते हुए देखा गया है। उन्होंने कहा, मेट्रो यात्रियों को परिवहन का तेज, सुगम और सस्ता साधन प्रदान करने, कोलकाता तथा आसपास के क्षेत्रों के प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन ये यात्री प्लास्टिक की बोतलें फेंककर, पान की पीक और गुटखा थूककर मेट्रो परिसर को लगातार गन्दा कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर मेट्रो रेलवे ने स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया है और गलती करने वाले यात्रियों पर जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है। विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर सभी प्लेटफॉर्म टीवी पर विशेष जागरूकता वीडियो दिखाए जा रहे हैं। बोतल क्रशर मशीनों के साथ-साथ विभिन्न मेट्रो स्टेशनों पर कूड़ेदान उपलब्ध कराए गए हैं। जागरूकता संदेश फैलाने के लिए मेट्रो रेलवे के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल का भी उपयोग किया जा रहा है।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ व चुनाव प्रकोष्ठ में बिंदल का मिला मार्गदर्शन

शिमला। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश विधि प्रकोष्ठ एवं चुनाव प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक का आयोजन भाजपा मुख्यालय दीप कमल चक्कर में हुआ बैठक में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अंशुल बंसल एवं चुनाव प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेसी शर्मा उपस्थित रहें। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बंसल ने बैठक विस्तृत रूप से बताया किस प्रकार से विधि प्रकोष्ठ इन लोकसभा चुनावों में कार्य करेगा, लगातार पूरे चुनाव में प्रकोष्ठ के वकील सदस्य प्रतिदिन अपना कार्य निरंतर करेंगे। बंसल ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायलय की नव कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें अंकित चंदेल जी हमीरपुर को भारतीय जनता पार्टी न्याय एवम विधि विभाग प्रदेश उच्च न्यायालय का संयोजक नियुक्त किया गया है। साथ श्री राजीव शर्मा शिमला एवम वैभव चौहान चौपाल को इस कार्यकारिणी का सह संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं भाजपा न्याय एवम विधि विभाग हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायलय की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पंकज भारद्वाज कुमारसैन , अभिषेक डुल्टा जुब्बल, सर्वदमन राठौर नाहन अनुभव चोपड़ा शिमला, रोहित भरोल मनाली, अतुल कुमार नूरपुर, अमन भरमौरिया सरकाघाट, रिशव नेगी सिरमौर, कर्मपाल हमीरपुर, जगमोहन करसोग, करण चंदेल ठिओग, रजत अवस्थी नालागढ़, आशिमा शिमला, भीष्म शर्मा मंडी , सुनीत वर्मा मंडी, अमरीक सिंह हमीरपुर, पियूष ऊना, यशपाल मंडी, आकृति राणा नूरपुर को दायित्व दिया गया।

### मतदाता सूची में नाम की जांच करने के लिए डाउनलोड करें वोटर हेल्पलाईन ऐप

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने सोमवार को बताया कि कानून में नवीनतम संशोधन के अनुसार, चुनाव आयोग ने नए मतदाताओं के लिए रजिस्ट्रेशन के नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसके अनुसार 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नए वोटर मतदाता सूची में अपना नाम अब जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की पहली तारीख को भी दर्ज करवा सकते हैं। पूर्व में एक जनवरी को ही मतदाताओं का नाम दर्ज किया जाता था। उन्होंने कहा कि इन संशोधनों के दृष्टिगत एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाता हिमाचल प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनावों में वोट डालने के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। गर्ग सोमवार को यहां आयोजित कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नए मतदाता गूगल प्ले से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके भी मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं और नए मतदाता फार्म-6 भरकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने युवाओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर पर बल देते हुए कहा कि यह धारणा गलत है कि यदि उन्होंने पंचायत चुनावों के लिए मतदान किया है तो वे लोकसभा या विधानसभा चुनावों में मतदान करने के लिए पात्र हैं, जो सही नहीं है।

# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

## 1 पिस्टल, 8 तमंचे बरामद, 4 गिरफ्तार; इंडस्ट्री की आड़ में बना रहे थे तमंचा



नोएडा। थाना ईकोटेक तृतीय पुलिस व क्राइम डिटेक्शन टीम सेन्ट्रल नोएडा जोन ने संयुक्त प्रयास से अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफ़ाश किया। साथ ही 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 1 पिस्टल , 3 तमंचे और 5 देसी तमंचा बरामद किया गया। ये लोग लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गाजियाबाद स्थित फैक्ट्री से मॉल बुलंदशहर शिफ्ट कर रहे थे। इस दौरान चेकिंग के समय इनको खेड़ चौगानुपर गोल चक्कर के पास ब्रेजा कार समेत गिरफ्तार किया गया।

इनकी पहचान शाहफहद, बादल, शिवम पाल और सादिक के रूप में हुई है। डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा सुनिति ने बताया कि इन पूरे गैंग का मास्टर मा इंड या सरगना शाहफहद है। शाहफहद ने मैकनिक इंजीनियरिंग में एकेजी कालिज गाजियाबाद से 2011 में डिप्लोमा किया।

इसने अपनी पत्नी के नाम पर LEO PARD INDIA INDUSTRIES (P) LTD के नाम से पार्ट बनाने की एक कंपनी खोल रखी है। दिखाने के नाम पर ये लोग खराद का काम करते हैं।

ये कंपनी गाजियाबाद में मोर्टा इंडस्ट्रियल एरिया में अपना एक प्लॉट लेकर खोली गई है।

इस कंपनी के एक हिस्से में अवैध हथियार बनाने का काम होता था। जब कोई ग्राहक इनके संपर्क में आता था तो एक या दो दिन का समय लेकर उसको तमंचा एवं पिस्टल उसकी मांग के अनुसार उपलब्ध करा देते हैं। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार बनाने वाले उपकरण और रॉ मटेरियल भी बरामद किया गया।

### एसटीएफ पहले कर चुका गिरफ्तारी

इन लोगों ने अवैध हथियार बनाने से संबंधित कलपुर्जे को तैयार करने के लिए लाखों रुपए की बड़ी-बड़ी मशीनें अपनी कंपनी मोरटा गाजियाबाद में लगा रखी है। पहले यह कंपनी एसएचआर इंडिया इंडस्ट्रीज के नाम से थी। जिसका स्वामी शाहफहद उर्फ शानु उपरोक्त था। लेकिन जुलाई 2023 में उप्र पुलिस की एसटीएफ टीम द्वारा मौके से अवैध हथियार एवं कलपुर्जे के साथ गिरफ्तार किया गया था। तब से शाहफहद ने इस फैक्ट्री का नाम बदल दिया। और पत्नी के नाम से रजिस्टर्ड करा दी थी।

### हथियार बनाने वाले इन कल पुर्जा को किया गया बरामद

स्लाइड लोक 111, सेफ्टी लोक 165, साइड 114 , स्लाइड लोक रिटेनर 100, टी लीवर (ट्रिगर) 30, हाउसिंग - 51, बाईस -5, बर्नियर कैलिबर -4 , सीक लैम्प -4, माइक्रोमीटर -1, रोड बैरर -05, डिग्री स्केल -1, प्लास -1 आदि सामान बरामद किया गया।

### 10 हजार में तमंचा और 80 हजार रुपए में पिस्टल

डील होने पर ये एक तमंचा लगभग 10 हजार रुपए और पिस्टल लगभग 80 हजार रुपए की कीमत का बेचे थे। बरामद की गई पिस्टल , तमंचा इन्ही की कंपनी में बने हैं। उन्होंने बताया कि इनसे पूछताछ की जा रही है कि अवैध कहा कहा बेचे और कितने लोगों के ये संपर्क में थे। लोकसभा चुनाव में चेकिंग के चलते ये लोग फैक्ट्री को बुलंदशहर ये देहात क्षेत्र में ट्रांसफर करने जा रहे थे।

# नोएडा की दो पॉश सोसाइटी में रात में बवाल

## एक में हाइबीम लाइट तो दूसरी में पार्किंग बनी विवाद की वजह

नोएडा। नोएडा के दो सोसाइटी में लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। पहला मामला सेक्टर-137 पारस टियारा सोसाइटी का है। यहां हाइबीम लाइट को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया।

दूसरा मामला सेक्टर-74 में कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस मामले में पुलिस लिखित शिकायत के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पहला मामला पारस टियारा सोसाइटी में हाइबीम को लेकर हुआ विवाद

नोएडा के सेक्टर-137 में पासर टियारा सोसाइटी है। यहां रविवार देररात दो कार आमने सामने आ गई। एक कार की फ्रंट लाइट हाइ बीम पर थी।

इसको कम करने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। पीड़ित मयंक है इसी सोसाइटी में रहता है। घटना एक मिनट से ज्यादा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया। इस मामले में लिखित शिकायत पीड़ित पक्ष की ओर से अभी नहीं दी गई है। बताया गया कि मारपीट करने वाला शख्स भी इसी सोसाइटी में रहता है।

### दूसरा मामला पार्किंग को लेकर सेक्टर-74 में हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट

सेक्टर 74 स्थित एक सोसाइटी में कार पार्किंग को लेकर दो पक्षों में जमकर कहासुनी और मारपीट हुई। मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घटना का एक वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मौके पर पहुंची सेक्टर 113 थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार रात को सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी निवासी अजय ने अपनी कार को सोसाइटी के ही आनंद और नीरज की पार्किंग की जगह पर खड़ा कर दिया और चले गए।

# नोएडा में कारोबारी से फ्रॉड : प्लॉटलाने के नाम पर 2.5 करोड़ हड़पे

## वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

नोएडा। प्लॉट दिलाने के नाम पर एक कंपनी के तीन निदेशकों ने एक कारोबारी के दो करोड़ 50 लाख रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने कारोबारी के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-24 पुलिस से की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को नामजद करते हुए धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में उनके खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शिकायत में सेक्टर-44 निवासी भूषण कुमार ने बताया कि मैसर्स आर्चित अप्रैरर्स प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय नई दिल्ली में है। संबंधित कंपनी के तीन निदेशक दमीत पाल सिंह, गुरविंदर कौर और ईशनीत सचदेवा ने प्लॉट दिलाने के नाम पर दो करोड़ 50 लाख रुपए ले लिए। प्लॉट नहीं मिलने पर भूषण कुमार ने निदेशकों से जब अपने पैसे वापस मांगे तो उसके साथी गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। इसके बाद पीड़ित ने मामले की तहरीर सेक्टर-24 थाने में दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।




इसके बाद आरोपियों ने संबंधित न्यायालय में अंतरिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया। तीनों को अंतरिम जमानत भी मिल गई। आरोप है कि अंतरिम जमानत प्राप्त होने के बाद आरोपी शिकायतकर्ता पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। इसकी शिकायत जब दोबारा पीड़ित ने पुलिस से की तो आरोपियों ने उसे सेक्टर-25 ए स्थित स्पाइस मॉल बुलाया। यहां शिकायतकर्ता के साथ फिर गाली गलौज हुई और जान से मारने का प्रयास भी किया गया। कुछ लोगों के बीच बचाव करने से भूषण कुमार की उस समय जान बची।

इसके बाद भी निदेशकों ने पीड़ित को पैसे नहीं दिए। लगातार जान से मारने की धमकी मिलने से शिकायतकर्ता का परिवार डरा सहमा हुआ है और उसने पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में जल्द ही आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। कारोबारी की शिकायत पर तीनों निदेशकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# एल्विश और तीन साथियों के मोबाइल भेजे फॉरेंसिक लैब

## चैट, तस्वीरें और वीडियो किए जाएंगे रिकवर, ईश्वर के गांव में एल्विश सपेरों से मिला था

नोएडा। रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव समेत आठ आरोपियों के खिलाफ नोएडा पुलिस की ओर से चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। पुलिस ने यूट्यूबर एल्विश यादव, उसके साथी विनय और ईश्वर के मोबाइल को गाजियाबाद के निवाणी स्थित फोरेंसिक लैब में भेजा है। तीनों ने मोबाइल से कुछ ऐसे डाटा डिलीट किए हैं जो सांपों के जहरीले खेल के मामले में काफी अहम है। चैट के अलावा मोबाइल से कई तस्वीरें और वीडियो भी डिलीट किए गए हैं।

डाटा रिकवर होते ही कई ऐसे खुलासे होंगे जो फिर से एल्विश समेत अन्य की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। आरोपियों के मोबाइल में सांपों की तस्करी और रेव पार्टी के कई राज दफन हैं। डाटा रिकवर होने की रिपोर्ट मिलने के बाद नोएडा पुलिस उसका अध्ययन करेगी। इसके बाद रिपोर्ट न्यायालय में पेश की जाएगी। चार्जशीट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि ईश्वर के गांव में एक पार्टी हुई थी जिसमें विनय और पांच सपेरों के अलावा एल्विश भी आया था। सभी की मोबाइल लोकेशन उस समय ईश्वर के गांव की मिली है।



ईश्वर के गांव में एल्विश के कई रिश्तेदार भी रहते हैं। अटकलें यह भी हैं कि एल्विश वर्चुअल नंबर के लिए जिस सर्वर का प्रयोग करता था वह चीन का था। हालांकि इस पर पुलिस ने कुछ भी बोलने से इनकार किया है। एल्विश को जब पार्टी आयोजित करनी होती थी और उसे सांपों और जहर की आवश्यकता होती थी तो वह अपने साथी विनय को वर्चुअल नंबर से कॉल करता था।

एल्विश की गिरफ्तारी के बाद नोएडा पुलिस ने उसके साथी विनय और ईश्वर को भी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। तीनों को बाद में जमानत मिल गई थी।

### वायरल वीडियो से बढ़ी थीं एल्विश की मुश्किलें, 24 गवाहों के बयान नत्थी

ईश्वर के बैंक्वेट हाल में सांपों का जहर निकालने का जिक्र भी नोएडा पुलिस ने आरोप पत्र में किया है। आरोप पत्र में 24 गवाहों के बयान नत्थी किए गए हैं। चार्जशीट में नोएडा पुलिस की ओर से बताया गया है कि एल्विश का जहरीले खेल में जेल भेजे गए सपेरों से संपर्क था।

एल्विश के खिलाफ लगी एनडीपीएस की धाराओं का आधार भी पुलिस ने इसमें बताया है। बीते साल पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था के पदाधिकारी ने एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया था।

संस्था के सदस्य ने एक स्टिंग किया था। इसमें कोबरा समेत नौ सांप और 20 एमएल सांपों का जहर पांच सपेरों के पास मिला। सभी को जेल भेज दिया गया। संस्था के पदाधिकारी का एक ऑडियो इसके बाद वायरल हुआ, जिसमें मुख्य आरोपी राहुल संस्था के पदाधिकारी से बात कर रहा है।

इसमें राहुल यह कह रहा है कि वह एल्विश की ओर से आयोजित होने वाली पार्टियों में शामिल हो चुका है। राहुल पार्टियों में अपने अन्य सपेरे दोस्तों के साथ गया था। हालांकि, बाद में सभी को जमानत मिल गई।

### वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज केस का अध्ययन कर एल्विश यादव को किया था गिरफ्तार

इसके बाद एल्विश को दबोचने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार किया। देशभर में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज केस का नोएडा पुलिस की एक टीम ने अवलोकन किया। एक अन्य टीम ने जयपुर से आई फारेंसिक रिपोर्ट का अध्ययन किया। रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई थी, सांपों का, जो जहर सपेरों के पास से मिला था, वह करैत प्रजाति के कोबरा का है। टीम ने एल्विश के कॉल डिटेल और सोशल मीडिया अकाउंट को खंगाला। जब उसके खिलाफ नोएडा पुलिस को पर्याप्त सबूत मिल गए तो पुलिस ने उसे नोटिस देकर पूछताछ के लिए दोबारा बुलाया। पूछताछ के बाद उसे नोएडा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह पांच दिन तक जेल में रहा। होली के पहले हालांकि उसे इस मामले में जमानत मिल गई।

# चार मूर्ति पर बनेगा एयरपोर्ट और एक्वा लाइन फेस-2 मेट्रो का इंटीग्रेटेड स्टेशन

## एक्वा लाइन मेट्रो का चार मूर्ति से नॉलेज पार्क-5 तक कॉरिडोर बनाने की नहीं पड़ेगी जरूरत

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति गोल चक्कर पर गाजियाबाद से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रैपिड रेल कॉरिडोर और एक्वा लाइन फेज-2 का इंटीग्रेटेड स्टेशन बनेगा। इससे एक्वा लाइन के लिए चार मूर्ति गोल चक्कर से नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित 10 किमी का कॉरिडोर बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे करीब 1800-2000 करोड़ रुपये की बचत होगी। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) की ओर से पेश की गई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में इसका प्रावधान किया गया है।

दरअसल, नोएडा एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए गाजियाबाद वाया ग्रेटर नोएडा वेस्ट, परीचौक, यीडा सिटी के लिए रैपिड रेल बनाने की तैयारी है। करीब 72.29 किमी लंबे कॉरिडोर पर ग्रेनो वेस्ट के चार मूर्ति पर स्टेशन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। यहीं पर एक्वा लाइन मेट्रो का फेज-2 कॉरिडोर भी मिल रहा है। फेज-2 कॉरिडोर नॉलेज पार्क- 5 तक प्रस्तावित है और नोएडा एयरपोर्ट का कॉरिडोर भी नॉलेज पार्क से होकर जा रहा है। ऐसे में एक्वा लाइन फेज-2 और नोएडा एयरपोर्ट का ही रूट होने से चार मूर्ति से आगे एक्वा लाइन के लिए अलग से कॉरिडोर बनाने की जरूरत नहीं होगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक 10 किमी लंबे कॉरिडोर पर नोएडा एयरपोर्ट के लिए संचालित संचालित होने वाली रैपिड के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### दूसरे चरण में बनेंगे 13 स्टेशन

गाजियाबाद और नोएडा एयरपोर्ट के बीच रैपिड रेल/मेट्रो के संचालन के लिए बनने जा रहे कॉरिडोर पर कुल 35 स्टेशन होंगे। प्रथम चरण में 22 स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। भविष्य में जिन 13 स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा उनमें सूरजपुर, पी-3, ईकोटेक-7, दनकौर, जुनेदपुर, यीडा सेक्टर-17,यीडा सेक्टर-15, यीडा सेक्टर-33, यीडा सेक्टर-32, यीडा सेक्टर-29, यीडा सेक्टर- 30 (रैपिड रेल ), नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पीटीसी और एयरोसिटी आदि शामिल हैं।

### फिल्म सिटी के लिए नहीं बनाना पड़ेगा अलग से कॉरिडोर

नोएडा हवाई अड्डे और यीडा सिटी के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली फिल्म सिटी के बीच बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित लाइट मेट्रो रेल के लिए अलग से कॉरिडोर नहीं बनाना पड़ेगा। गाजियाबाद से नोएडा हवाई अड्डे तक जाने वाले कॉरिडोर पर ही फिल्म सिटी के लिए लाइट मेट्रो का संचालन किया जाएगा। लाइट मेट्रो में तीन कोच होंगे। लाइट मेट्रो के संचालन में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए कुछ प्रमुख स्टेशनों पर लूप का निर्माण किया जाएगा।

# भूजल दोहन करने पर दो बिल्डरों और कंपनी पर 5-5 लाख का जुर्माना

ग्रेटर नोएडा। भूगर्भ जल विभाग ने भूजल दोहन करने पर दो बिल्डरों और कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 5-5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इनमें यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 22-डी स्थित ऐस ग्रुप का वाईएक्सपी प्रोजेक्ट भी शामिल है। वहां बिल्डर ने अब तक बोरवेल को बंद करने की रिपोर्ट नहीं दी है। विभाग ने बिल्डर को जारी नोटिस में तत्काल रिपोर्ट मांगी है।

यीडा के सेक्टर 22 में ऐस ग्रुप का वाईएक्सपी प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रोजेक्ट पर बड़े स्तर पर भूजल दोहन हो रहा था। बोरवेल की मदद से भूजल को नाले में बहाया जा रहा था। अहम है कि 19 मार्च को 'बिल्डर नाले में बहा रहा भूजल, जांच हुई आरंभ' शीर्षक के साथ खबर प्रकाशित की। जिसका संज्ञान लेकर भूगर्भ जल विभाग ने मौके पर जाकर जांच की। जांच में प्रोजेक्ट में 60 बोरवेल मिले। इनमें से 10 बोरवेल सक्रिय थे। इसके बाद ऐस ग्रुप को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। साथ ही बिल्डर को बोरवेल बंद कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया। बिल्डर ने ऐसा नहीं किया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि ऐस बिल्डर के पास किसी भी विभाग से एनओसी नहीं है।

वहीं नोएडा के सेक्टर-157 स्थित मदरसन बिल्डर के प्रोजेक्ट पर भी 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं भी बिना अनुमति के भूजल निकाला जा रहा था।

# जम्मू साइबर शाखा पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी का किया भंडाफोड़

एजेंसी

जम्मू। जम्मू साइबर शाखा पुलिस ने तीन अलग-अलग ऑनलाइन साइबर अपराध शिकायतों को सुलझाया है।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे एक संदिग्ध व्यक्ति से व्हाट्सएप कॉल आया था और कहा गया था कि एक पार्सल दिल्ली में डिलीवर किया गया है, जिसके लिए उसे 29,500 रुपये का भुगतान करना होगा।

प्रवक्ता ने बताया कि 50,000 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी की एक अन्य शिकायत में शिकायतकर्ता ने शुरुआत में आरोपी को कुछ राशि का निवेश किया जिसके बाद उसने एक जालसाज के अनुरोध के अनुसार और अधिक निवेश किया और उसके बाद आरोपी ने अपना फोन बंद कर दिया।

प्रवक्ता ने कहा कि 38,500 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी के संबंध में एक और शिकायत दर्ज़ करायी गयी थी।शिकायतकर्ता ने फंडफ्लेक्स लोन कैलकुलेटर ऐप पर 50,000 रुपये के ऋृण के लिए आवेदन किया और सदस्यता शुल्क के रूप में 1250 रुपये का भुगतान करने के लिए कॉल आया।

# ममता ने मोदी पर साधा निशाना, की एनआईए की आलोचना

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जलपाईगुड़ी में अपनी सभा के दौरान उन्होंने उत्तर बंगाल के तूफान प्रभावित जिले को राहत देने के लिए एक भी शब्द नहीं कहा।

बनर्जी ,जो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष भी हैं, ने यहां एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री ने जलपाईगुड़ी में एक सभा की,मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है, वह जहां चाहें सभा कर सकते हैं। लेकिन आपने जलपाईगुड़ी के उन लोगों के लिए जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को



खो दिया या जिनके घर भीषण तूफान में क्षतिग्रस्त हो गए , को किसी तरह की राहत प्रदान करने के लिए एक भी शब्द नहीं कहा।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री कल जलपाईगुड़ी में थे,मैं उनकी कुर्सी का सम्मान करती हूं लेकिन क्या एक प्रधानमंत्री को ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना शोभा देता है कि चार जून के बाद, सबको चुन चुन के जेल में भरूंगा?

मुख्यमंत्री ने कहा, वास्तव में आपने देश और लोकतंत्र को जेल में बदल दिया है।

आपकी एक जेब में ईडी-सीबीआई है जबकि दूसरी जेब में एनआईए और आयकर है। वे (केंद्रीय एजेंसियां) आपके भाई हैं जो आपके लिए पैसे की व्यवस्था करते हैं और बाद में आप हमकों धमकी देते हैं ,हम डरे हुए नहीं हैं।

बनर्जी ने यह भी सवाल किया, आपने एक आदिवासी नेता/ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्यों गिरफ्तार किया। आपने अरविंद केजरीवाल को क्यों गिरफ्तार किया? फिर भी वह जेल से काम कर रहे हैं?

राष्ट्रीय जांच एजेन्सी को जिक्र करते हुये बनर्जी ने कहा, आप क्षेत्र की महिलाओं को परेशान करने के लिए आधी रात को एजेंसियां भेजते हैं और बाद में दावा करते हैं कि उन महिलाओं ने (एनआईए) कर्मियों पर हमला किया। कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है।

आप स्थानीय पुलिस को सूचित नहीं करते हैं और सुबह तीन बजे महिलाओं पर हमला करते हैं और बाद में सुबह 5 बजे स्थानीय पुलिस को सूचित करते हैं। ये चीजें काम नहीं कर सकतीं।

नई दिल्ली
मंगलवार 09 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### मतदान के लिये जागरूकता अभियान

गाजियाबाद। गाजियाबाद में स्कूली छात्र दीवारों पर पेंटिंग करके लोगों को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि उनकी कोशिश है कि वह अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर सके। जिससे मतदान प्रतिशत बड़े और लोग एक अच्छी और सक्षम सरकार चुन सके। गाजियाबाद में स्कूली छात्र कलेक्ट्रेट के गेट और अन्य जगह दीवारों पर पेंटिंग करके लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। ऐसी ही पेंटिंग बना रही स्कूली छात्रा पलक बताती है कि पेंटिंग हम इसलिए बना रहे हैं कि लोग प्रोत्साहित हो वोट देने के लिए और अच्छी सरकार चुनने में देश के मदद हो। सब अपना मतदान दें। लोग निर्भीक होकर वोट दे। दूसरे छात्र कार्तिकेय गोस्वामी बताते हैं कि हम यह पेंटिंग इसलिए बना रहे हैं कि लोग मतदान के प्रति जागरूक हो और एक अच्छी सरकार आए जिससे लोगों का भविष्य उज्जवल हो। एक और छात्र योग अग्रवाल बताते हैं कि वह दसवीं के छात्र है और लोगों को इलैक्शन के बारे में पता चले और मतदान का सही इस्तेमाल करें देश आगे बड़े, एक अच्छी सरकार चुने। फिलहाल इस तरह का कार्यक्रम अभी कई दिन और चलेगा।

### हेलमेट कारोबारी के घर में गहने-नकदी चोरी

इंदिरापुरम। वसुंधरा सेक्टर-15 में चोरों ने हेलमेट कारोबारी के घर की खिड़की की ग्रिल काटकर सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी कर ली। घटना के दौरान कारोबारी अपने परिवार के साथ आगरा-मथुरा घूमने गए हुए थे। चोरों ने घर के अंदर बाथरूम में भी गंदगी की। इंदिरापुरम पुलिस को चोरी की शिकायत दी है। कारोबारी राजकुमार ने बताया कि वह शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे परिवार को लेकर आगरा, मथुरा और वृंदावन घूमने चले गए थे। रविवार रात घर लौटे तो मेन गेट पर ताला लगा था। ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो ड्राइंग रूम के साथ चारों कमरों में सामान बेड व फर्श पर बिखरा हुआ था जबकि आलमारी भी खुली हुई थीं। चोरों ने आराम से सारा सामान खंगालकर बाहर फेंका हुआ था। जांच में पता चला कि चोर ड्राइंग रूम में खिड़की की ग्रिल काटकर अंदर घुसे थे। इसके बाद आलमारी में रखे दो लाख से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के गहने, करीब 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को चोरी की सूचना दी। परिवार को घर में टीवी भी चलता मिला। ऐसे में माना जा रहा है कि चोरों ने गहने और नकदी साफ करने के बाद कमरे में आराम से बैठकर टीवी पर पिक्चर देखी और गानों का आनंद लिया होगा। पकड़े जाने के डर से वे सामान लेकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी चेक कर रहे हैं।

### कार चोरी में 12 दिन बाद मुकदमा दर्ज

**कौशांबी।** वैशाली सेक्टर-5 के कल्पना अपार्टमेंट में मीडियाकर्मी के फ्लैट के नीचे खड़ी कार को चोरों ने चोरी कर लिया। चोरी की घटना 26 मार्च को सुबह पांच बजे की है। वाहन मालिक ने 29 मार्च को 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। कौशांबी पुलिस ने 12 दिन बाद चोरी का मुकदमा दर्ज किया। शिकायतकर्ता कुणाल विश्वास ने पुलिस को बताया कि 23 मार्च को गाड़ी घर के नीचे खड़ी की थी। 24 मार्च को वह होली मनाने अपने ससुराल दिल्ली शकूरपुर में परिवार को लेकर चले गए थे। 29 मार्च की सुबह दस बजे पार्किंग में गाड़ी नहीं थी। उनके होश उड़ गए। तुरंत आसपास गाड़ी को चेक किया लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच करके पीड़ित को गाड़ी जल्द ढूंढने का आश्वासन दिया। सीसीटीवी फुटेज में पता चला कि सफेद रंग की गाड़ी से आए चोरों ने उनकी कार का ताला तोड़कर उसे चुरा ले गए। इसके बाद वैशाली चौकी पर पुलिस को शिकायत दी लेकिन वहां पर ई-एफआईआर करने की सलाह देकर घर भेज दिया गया। एक सप्ताह बाद भी उनकी एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो कौशांबी थाने जाकर मुकदमा कराया। कौशांबी पुलिस सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान करने में जुटी है।

### किशोर ने मासूम से किया दुष्कर्म, पकड़ा

इंदिरापुरम। कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी में दस साल के किशोर ने घर के गेट पर बैठी तीन साल की मासूम से दुष्कर्म कर दिया। घटना करीब 22 दिन पहले की है। रविवार सुबह पड़ोसियों के बीच किसी बात पर कहासुनी होने पर मासूम ने अपनी मां को किशोर की गंदी हरकत के बारे में बताया। इंदिरापुरम पुलिस ने किशोर को पकड़ लिया है। बच्ची के पिता एक निजी कंपनी में काम करते हैं। वह कालोनी में पत्नी और बच्ची के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि करीब 22 दिन पहले बेटी घर के गेट पर अकेली बैठी थी। इस बीच पड़ोस में रहने वाले दस साल के किशोर ने मासूम का हाथ पकड़कर उससे दुष्कर्म कर दिया। बच्ची रोते हुए अपने घर चली गई लेकिन उसने किसी को कुछ नहीं बताया। वह करीब 21 दिन तक चुप रही। रविवार को युवक और पड़ोसियों से किसी बात पर कहासुनी हो गई। इसके बाद जब मां-पिता दोनों कमरे में गए तो मासूम बच्ची ने किशोर को देखकर उसकी गंदी हरकत के बारे में बताया। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि किशोर को पकड़ लिया है। उससे घटना की जानकारी की गई है।

### पंद्रह हजार करोड़ के जीएसटी फ्रॉड में दो आरोपियों के खिलाफ कुर्की के आदेश

नोएडा। कबीब 15 हजार करोड़ के जीएसटी जालसाजी मामले में कोर्ट ने दो फरार आरोपियों के खिलाफ कुर्की के आदेश दिए हैं। पुलिस सिरसा हरियाणा निवासी दीपक सिंघल और अंशुल गोयल की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करेगी। वहीं इस मामले में अभी फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। नोएडा पुलिस ने जून 2023 में तीन हजार से अधिक फर्जी फर्म बनाकर 15 हजार करोड़ रुपये से अधिक के जीएसटी फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। इस मामले पुलिस 30 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि अनधिकृत गतिविधियों को रोकने के लिए 5 आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किए गए थे। अभी तक 300 से अधिक फर्मों का भौतिक सत्यापन किया है। यह सभी शेल कंपनियां थीं। मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाई गई है। एसआईटी करीब 2600 फर्मों के खाते में 4 हजार करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट फ्रीज करा चुकी है। पुलिस जांच में यह बात स्पष्ट हुई है कि जालसाजों ने आम लोगों के आधार नंबर व अन्य जानकारी चुराकर फर्जी जीएसटी फर्म बनाए थे।

### 541 छात्रों को नहीं मिले निजी स्कूल

ग्रेटर नोएडा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की दूसरी लॉटरी का रिजल्ट सोमवार को जारी कर दिया गया। इसमें 1561 विद्यार्थियों को स्कूल आवंटित किए गए, जबकि 541 छात्रों को मायूसी ही हाथ लगी है। अब सफल विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए संबंधित विद्यालय में संपर्क करना होगा। आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को प्रवेश देने का प्रावधान है। इसी के तहत सोमवार को दूसरे चरण की लॉटरी निकाली गई। लॉटरी में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 3891 इच्छुक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 1789 अभ्यर्थियों के आवेदनों में कमी होने के कारण आवेदन निरस्त कर दिए गए। सोमवार को 2102 आवेदन की लॉटरी निकाली गई। आवंटित विद्यार्थियों को ब्लॉक स्तर से पत्र दिया जाएगा। अभिभावक वह पत्र लेकर स्कूलों में दाखिले की प्रकिया को पूरा करेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि सत्यापन में 2102 आवेदनों को सही पाया गया। इनमें से लॉटरी के माध्यम से 1561 विद्यार्थियों को विद्यालय आवंटित हुए हैं। प्रवेश के लिए इन विद्यार्थियों के अभिभावकों को संबंधित विद्यालय में संपर्क करना होगा। एक से सात अप्रैल तक आवेदन का सत्यापन किया गया। जिले के चारों ब्लॉक के निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 16,516 सीट रिजर्व है। पहले व दूसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया के बाद तीसरे चरण के आवेदन 16 अप्रैल से आठ मई तक होंगे। जबकि अंतिम व चौथे चरण की प्रकिया एक से 20 जून तक चलेगी। दूसरे चरण में 3,891 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। उनमें से सत्यापन के बाद 1789 आवेदन को निरस्त कर दिया गया।

# केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की तीसरी याचिका खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी जनहित याचिका भी सोमवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल पीठ ने आप आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक संदीप कुमार की जहित याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने इसे अपना %व्यक्तिगत प्रचार% के लिए दायर थी।

उच्च न्यायालय ने उन टिप्पणियों के साथ ही चेतावनी भी दी और कहा, आप (याचिकाकर्ता) पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने इससे पहले चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने चार अप्रैल को हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया था कि यह उप राज्यपाल या राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है?।

हालाँकि, अदालत ने तब टिप्पणी की थी कि इस मामले में यह (मुख्यमंत्री के पद पर रहना या हटना) केजरीवाल का निजी फैसला होगा कि उन्हें उस पर रहना चाहिए या नहीं।

पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा था,



कभी-कभी व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन होना पड़ता है, लेकिन यह उनका (केजरीवाल का) व्यक्तिगत फैसला है।

पीठ ने कहा था वह सिर्फ इतना कहा सकती है कि इस मुद्दे पर वह (अदालत) फैसला नहीं कर सकती। इस मामले में पर कोई फैसला लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने आगे कहा था, हम यह कैसे घोषित कर सकते हैं कि सरकार काम नहीं कर रही है? उप राज्यपाल इस पर निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्हें (उप राज्यपाल) हमारे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें जो भी करना होगा वो कानून के अनुसार करेंगे।

अदालत के इस रुख पर याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने की गुहार लगाई गई थी, जिसे मंजूर कर लिया गया था।

याचिकाकर्ता ने तब कहा था कि वह अब उपराज्यपाल के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे।

चार अप्रैल से पहले 28 मार्च को उच्च न्यायालय की इसी पीठ ने दिल्ली निवासी सुजीत सिंह यादव की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी थी कि इस मुद्दे की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति का काम है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अपने को किसान और सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले श्री यादव ने अपनी याचिका में दावा किया था कि वित्तीय घोटाले के आरोपी केजरीवाल को मुख्यमंत्री जैसे सार्वजनिक पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

केजरीवाल को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। एक अप्रैल को विशेष अदालत ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। ईडी ने केजरीवाल पर दिल्ली शराब नीति 2021-2022 (विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने के लिए मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है।

# मोदी सरकार ने सुनियोजित तरीके से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया : आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़े सुनियोजित तरीके से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए लाखों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पर्दे के पीछे देश की जनता से छिपाकर हजारों-लाखों करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार मोदी सरकार ने किया है। यह भ्रष्टाचार इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर हुआ है। इसके लिए मोदी सरकार ने नियमों में बदलाव किया और कंपनियों को हजारों करोड़ रुपये की टैक्स छूट और लाखों करोड़ों का ठेका दिया गया, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इनके छिपाए गए इलेक्टोरल बॉन्ड के डाटा



को निकाल कर देश की जनता के सामने रख दिया। सिंह ने मोदी सरकार इस समय देश की सबसे महाभ्रष्ट सरकार है। इसका खुलासा इस बात से हुआ कि पिछले सात साल से एक लाख करोड़ रुपये के घाटे में चल रही 33 कंपनियों ने भाजपा को 450 करोड रुपये का चंदा दिया है। इन 33 कंपनियों में से 17 ऐसी हैं, जिन्होंने या तो जीरो टैक्स दिया है या फिर उनको इसमें छूट मिली है। आप नेता ने कहा कि अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कहां है। इसको लेकर उन्होंने कितने मुकदमें दर्ज किए हैं। फर्जी कंपनियां कागज पर बनाकर सैकड़ों करोड़ रुपये की मनी ट्रेल साफ दिख रही है। कंपनियां घाटे में होने के बावजूद भाजपा को चंदा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा, लेकिन इस घोटाले को देखकर लगता है कि उनका नारा है नियम बनाऊंगा और खाऊंगा। पूरे देश से अपनी पार्टी के लिए भ्रष्टाचारी चंदा इकट्ठा करूंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को देश की जनता की जनता को बताना पड़ेगा कि कैसे हजारों करोड़ रुपये की टैक्स की छूट देकर नुकसान पहुंचाया गया है। कैसे नियमों में बदलाव कर यह घोटाला किया गया है। हिंदुस्तान की आजादी के बाद सबसे भ्रष्ट पार्टी अगर कोई है तो वह भाजपा या बंगारू जनता पार्टी है। ईडी और सीबीआई को तुरंत इन कंपनियों और भाजपा के नेताओं से पूछताछ कर गिरफ्तार करना चाहिए। आप नेता ने कहा कि अब तो साफ पता चल चुका है कि शराब घोटाला तो भाजपा ने किया है। जब शरत रेड्डी ने भाजपा को 60 करोड़ दिए तो उसकी जांच क्यों नहीं हो रही है। उस पर ईडी-सीबीआई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। आम आदमी पार्टी के मामले में ईडी-सीबीआई गामा पहलवान बन जाती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के मामले में दारा सिंह पहलवान बन जाती है। कांग्रेस पार्टी के मामले में बॉक्सर बन जाती है, लेकिन जब हम भाजपा के खिलाफ कोई मामला उठाते हैं तो वह भोले बच्चे की तरह कहते हैं कि इसके लिए अदालत जाइए।

# दिल्ली आबकारी नीति मामले में दुर्गेश पाठक को ईडी ने किया तलब

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय राजधानी के राजिंदर नगर से विधायक दुर्गेश पाठक को आबकारी नीति मामले में कथित धन शोधन के मामले में तलब किया।

आप नेता आतिशी के आरोप के बाद यह बात सामने आयी कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकसभा चुनाव से पहले श्री पाठक और उनके समेत चार और नेताओं को गिरफ्तार करने का इरादा बना रही है।

आतिशी ने पहले कहा कि भाजपा रामलीला मैदान में पार्टी की रैली के बाद डर गई, भाजपा को एहसास हुआ कि आप के शीर्ष चार नेताओं को जेल में डालना पर्याप्त नहीं है।

आप नेता ने कहा, शीर्ष नेताओं में



अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन पहले से ही जेल में बंद हैं और अब चार और नेताओं को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही हैं जिसमें मैं (आतिशी), सौरभ भारद्वाज, राघव चड्ढा और दुर्गेश पाठक हैं।

आतिशी ने दावा किया, भाजपा की ओर से मेरे एक करीबी दोस्त ने मुझसे संपर्क किया और कहा कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊं, नहीं तो अगले एक महीने के भीतर प्रवर्तन निदेशालय मेरे घर पर छापा मारेगी और मुझे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### दीक्षांत समारोह में 138 छात्रों को दी गई डिग्री

**मोदीनगर।** मुरादनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ यूपी पुलिस की पूर्व डीजी अंजू गुप्ता व सीसीएस यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर एसके काक व संस्थान के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा व अर्पित चड्ढा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में 138 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। बीडीएस 19वें बैच व एमडीएस 15वें बैच के दीक्षांत समारोह में सबसे पहले डीन डॉ.सोनाली तनेजा ने सभी छात्रों को शपथ दिलाई। इसके बाद प्रधानाचार्य डॉ देवीचरण शेट्टी ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर पूर्व डीजी अंजू गुप्ता ने कहा कि छात्र जब पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने काम पर जाए तो काफी शालीनता रखे। उन्होंने कहा कि आप आने वाले दिनों में देश को आगे बढ़ाने में काफी योगदान देने वाले है। युवा ही देश की तरक्की के पथ ले जा सकते है। पूर्व वाइस चांसलर एसके काक ने कहा कि आईटीएस कॉलेज में छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा दी जा रही है। छात्र डॉ. अनमोल जैन को गोइंग स्टूडेंट ,डॉ विभूति शुक्ला को बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट, डॉ हैंगलेनहाओ हाओकिप को बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट , डॉ गीत कुमार को बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट, डॉ प्रियांषी अग्रवाल एवं प्रियांशा यादव को बेस्ट आउट गोइंग स्टूडेंट से सम्मानित किया गया। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में 5वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा डॉ. सौम्या राजदेय ,7वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा डॉ.जेसिका रॉय ,डॉ इप्सिता यादव ,डॉ वेदिका तलवार, डॉ अक्षी , डॉ सृष्टी चौधरी, डॉ प्रियंका,डॉ हिमानी ग्रोवर, डॉ गौरी बारगोटीको अंजू गुप्ता व एसके काक ने सम्मानित किया।

# दिल्ली हाईकोर्ट केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला आज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुनाएगा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार दोपहर ढाई बजे आपना फैसला सुनाएगी।

उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद तीन अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह (उनकी गिरफ्तारी) लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का 'उल्लंघन' है।

केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। एक अप्रैल को विशेष अदालत ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

ईडी ने केजरीवाल पर दिल्ली शराब नीति 2021-2022 (विवाद के बाद रद्द कर दी गई थी) के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने के लिए मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है?।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को वर्ष 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति (शराब नीति) बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का मामला दर्ज किया था।

ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए 'साजिश' रची थी।

गौरतलब है कि इस मामले में आप सांसद श्री सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को राहत दी। शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत की अनुमति दी थी और संबंधित विशेष अदालत को जमानत की शर्ते तय करने का निर्देश दिया था। इस आदेश के मद्देनजर राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत ने तीन अप्रैल को सशर्त तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश पारित किया था। इसके बाद वह गुरुवार रात में ही रिहा कर दिए गए थे।

# दिल्ली देहात के 360 गांवों के सम्यक विकास के मुद्दों को चुनावी घोषणापत्र और संकल्प पत्र में शामिल करें

दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत 360 महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से अपने चुनावी संकल्प पत्र और घोषणापत्र में दिल्ली देहात के सभी 360गांवों के सम्यक विकास के मुद्दे शामिल करने की मांग की है।

वत्स ने कहा कि वह इससे पहले भी इन सभी पार्टियों के दिल्ली प्रदेश अध्यक्षों को एक्स पर पोस्ट कर इसकी मांग कर चुके हैं। लेकिन इन तीनों ही पार्टियों ने इस संबंध में अभी तक कोई भी सार्वजनिक बयान तक नहीं दिया है। इससे ग्रामीणों में तीनों ही राजनीतिक दलों के प्रति आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

वत्स ने कहा कि आजादी के सात दशकों तक दिल्ली के 360गावों का चहुंमुखी विकास किसी भी पार्टी का एजेंडा नहीं रहा।

वत्स ने कहा कि क्योंकि दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है इसलिए हमारी मांग दिल्ली के उपराज्यपाल से भी है कि है कि वह सभी गांवों का विलेज डेवलपमेंट प्लान डीडीए से तैयार कराएं।

भूमि अधिग्रहण राशि, वैकल्पिक प्लाट, लैंड पुलिंग, स्किल्ड भूमिहीन ग्रामीणों के रोजगार और आवास की व्यवस्था डीडीए करें। दिल्ली में कृषि



भूमि का सर्किल रेट 20करोड किया जाए। दिल्ली के गांवों में अविलंब स्वामित्व योजना लागू की जाए।

दिल्ली के सभी गांवों में गंदे पानी के निकास के आधुनिकतम ड्रेनेज और सीवर लाईन सिस्टम प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाए।

बवाना, नरेला, कंझावला, नांगलोई, नजफगढ़, महरौली, बदरपुर में दिल्ली विश्वविद्यालय, इंद्रप्रस्थ और अम्बेडकर विश्वविद्यालय के उत्तरी दिल्ली कैंपस बनाए जाएं।

नए कालेज रोहिणी फेज-4 की आवासीय योजना में रोहिणी सेक्टर 20से रोहिणी सेक्टर -40 में खोले जाएं।

ग्रामीण युवाओं के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की जाए। गांवों की भूमि पर बने प्राईवेट पब्लिक स्कूलों में गांवों के बच्चों को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाए। सभी गांवों में रसोई गैस पीएनजी की लाईन बिछाई जाए।

सभी गांवों की मुख्य और संपर्क सड़कें, फिरनी रोड, तालाबों का पुनर्विकास, श्मशान घाटों में बिजली, पानी, लकड़ियों, प्लेटफार्म और उपर शैडो का निर्माण तत्काल किया जाए। सभी गांवों को मैट्रो की कनेक्टिविटी दी जाए।

रिठाला से रोहिणी, बरवाला बवाना नरेला कुंडली मैट्रो कारिडोर को इसी साल केंद्र सरकार से तत्काल मंजूरी दिलाने की पहल हो। जब तक यह संभव ना हो तब तक हर गांव से निकटतम मैट्रो स्टेशन तक पर्याप्त मात्रा में मैट्रो फीडर बसें और मौहल्ला बसें चलाई जाएं। युवाओं के लिए आधुनिकतम स्पोर्ट्स स्टेडियम, पार्क , पुस्तकालय, आधुनिकतम सामुदायिक केंद्र, औषधालय और नरेला और बवाना में केंद्र सरकार का ट्रामा सेंटर और ईएसआई अस्पताल तथा केंद्र सरकार के ही दो सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का रोहिणी और नरेला में निर्माण हो।

वत्स ने कहा कि इन सभी मुद्दों को सभी राजनीतिक दलों को अपने संकल्प पत्र, घोषणा पत्र में शामिल करने की घोषणा करनी चाहिए।

### सोशल मीडिया प्रधानमंत्री की तस्वीर डालकर उड़ाया मजाक, मुकदमा दर्ज

इंदिरापुरम। कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर अपलोड कर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। आरोपी ने फेसबुक अकाउंट पर तस्वीर अपलोड करके मैसेज भी लिखा था। पुलिस ने बताया कि एक्स अकाउंट पर गाजियाबाद पुलिस, डीजीपी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री को टैग करते हुए एक शिकायत हुई थी, जिसमें राज चौधरी नाम के युवक ने अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रधानमंत्री की तस्वीर डालकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस पोस्ट को निखिल बजरंग दल नाम के व्यक्ति ने नाराजगी जताकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। इंदिरापुरम पुलिस ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि राज चौधरी वसुंधरा सेक्टर-10 में रहता है। वह कौशांबी में वाहनों का काम करता है। पूछताछ में उसका कहना था कि फेसबुक पर प्रधानमंत्री की तस्वीर साझा की थी।

# चुनाव आयोग की केवल विपक्ष को नोटिस जारी करने की है नीति : आतिशी

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने फिर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवालिया निशान खड़े किये हैं और दोहराया है कि चुनाव अभियान में इस्तेमाल की गयी आपत्तिजनक सामग्री के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं की गयी है।

आतिशी ने सवाल किया कि क्या विपक्ष को नोटिस जारी करना ही चुनाव आयोग की नीति है।

आतिशी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, भाजपा द्वारा इस्तेमाल की जा रही आपत्तिजनक सामग्री के संबंध में आम आदमी पार्टी के चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज किये हुये तीन दिन से अधिक हो गये हैं। आयोग की ओर से अभी तक भाजपा को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है।

आप नेता ने सवाल किया, क्या अब आयोग की नीति केवल विपक्षी दलों को नोटिस जारी करना है?

गौरतलब है कि आतिशी ने कई मौकों पर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है और आयोग से 'गैर-पक्षपातपूर्ण' चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित



करने का आग्रह किया है।

आतिशी ने रविवार को एक पोस्ट में कहा कि छह अप्रैल को पूर्वाह्न करीब साढ़े ग्यारह बजे उनकी पार्टी ने दिल्ली भर में भाजपा द्वारा लगाये गये आपत्तिजनक होर्डिंग्स के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी।

उन्होंने सवाल किया, चौबीस घंटे से भी ज्यादा समय बीत गया है, लेकिन आयोग ने अभी तक भाजपा को कोई नोटिस जारी नहीं किया है। भाजपा की ओर से जब शिकायत दर्ज करायी जाती है, तभी नोटिस जारी किया जाता है।

आप नेता ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की शिकायत के बाद चुनाव आयोग द्वारा उन्हें (आप पार्टी) को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के बाद आयोग भाजपा की सहायक इकाई बन गया है।

# संपादकीय

## मतदान : महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया

मतदान एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है जो हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक संविधानिक अधिकार है जो हर व्यक्ति को दिया गया है ताकि वह अपने नेताओं को चुन सके और राजनीतिक प्रक्रियाओं में भाग ले सके। मतदान का महत्व इसलिए है क्योंकि यह एक नागरिक की भागीदारी को बढ़ाता है और लोकतंत्र की सच्चाई और पारदर्शिता को बनाए रखता है। इसके साथ ही, यह नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक भी है।

मतदान की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए, निर्वाचन आयोग का काम होता है। निर्वाचन आयोग एक आजीविका कायदा होता है, जो मतदाताओं के अधिकारों का संरक्षण करता है और मतदान की प्रक्रिया को सुनिश्चित करता है। हालांकि, हाल ही में निर्वाचन आयोग ने मतदान की फीसद बढ़ाने की कोशिश की है।

### मतदान की फीसद बढ़ाने की आवश्यकता

**वित्तीय स्थिति सुधारना:** निर्वाचन आयोग के तर्क सुस्त नहीं हैं कि मतदान की फीसद को बढ़ाने से उनकी वित्तीय स्थिति सुधरेगी। अत- फीसद को बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि निर्वाचन आयोग की सामान्य कोष्टों को आर्थिक रूप से सहयोग किया जाए।

**प्रभावी प्रबंधन:** एक उच्च फीसद से निर्वाचन प्रबंधन का स्तर भी सुधारता है। यह निर्वाचन आयोग को अधिक संसाधनों की उपलब्धता प्रदान करता है जिससे कि वह मतदान प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बना सके।

**प्रत्याशित सुरक्षा:** मतदान की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अधिक संसाधनों की आवश्यकता होती है। फीसद को बढ़ाने से, निर्वाचन आयोग सुरक्षा के लिए अधिक उपकरण और प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर सकता है।

**आदिकालीन प्रक्रिया:** मतदान की फीसद को बढ़ाने से, निर्वाचन प्रक्रिया को आधुनिक और तकनीकी बनाया जा सकता है। इससे मतदाताओं को परिणामों की त्वरित और सही जानकारी मिल सकती है।

**न्यूनतम बाधाएं:** मतदान की फीसद को बढ़ाने से, निर्वाचन आयोग अधिक संसाधनों का उपयोग करके विभिन्न बाधाओं को कम कर सकता है, जैसे कि बूथ लेवल प्रबंधन, मतगणना, और प्रणाली की सुरक्षा।

**सुधारित गुणवत्ता:** फीसद को बढ़ाने से, मतदान की प्रक्रिया की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है। यह निर्वाचन आयोग को उच्च-तकनीकी उपकरण और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है, जिससे प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जा सकता है।

**वित्तीय स्वायत्तता :** फीसद को बढ़ाने से, निर्वाचन आयोग अपनी आर्थिक स्वायत्ता को बढ़ा सकता है। यह आयोग को स्वतंत्रता प्रदान करेगा कि वह अपने काम को सही तरीके से संचालित कर सके और अपने कार्यक्षमता को सुनिश्चित कर सके। मतदान की फीसद को बढ़ाने की प्रक्रिया को लेकर विभिन्न मतांकन हैं। इसके अलावा, यह एक राजनीतिक और सामाजिक मुद्दा भी है।

## आपराधिक घटनाओं को सियासी रंग देना कानून-व्यवस्था के लिए घातक

ममता बनर्जी चुनावी हिंसा के मामलों में अक्सर अपने कार्यकर्ताओं का बचाव और भाजपा कार्यकर्ताओं के उपद्रव पर तल्खबयानी करती रही हैं।

पश्चिम बंगाल में आपराधिक घटनाओं को अक्सर राजनीतिक रंग दे दिया जाता है। अब तो ऐसी घटनाओं की जांच करने वालों पर हमले की संस्कृति भी विकसित हो चली है।

इसका ताजा उदाहरण राष्ट्रीय जांच एजंसी यानी एनआइए के दल पर स्थानीय लोगों का हमला है। दो महीने पहले इसी तरह संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के जांच दल पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया था।

ताजा घटना मिदनापुर जिले के भूपतिनगर की है। दरअसल, एनआइए कर्मी करीब सवा साल पहले वहां हुए एक बम विस्फोट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने गए थे। तभी स्थानीय लोगों ने उन पर हमला कर दिया। जांच दल की गाड़ियों के कांच टूट गए। इस घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि जांच दल को रात में वहां जाने की क्या जरूरत थी।

क्या उन्हें यह पता नहीं था कि रात के अंधेरे में गांव वाले अनजान लोगों को देख कर हमलावर हो सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि पता नहीं, एनआइए ने स्थानीय पुलिस से सहयोग लिया था या नहीं। जबकि एनआइए अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने स्थानीय पुलिस से सहयोग मांगा था, पर उसका रवैया सहयोगात्मक नहीं था।

ममता बनर्जी ने पूछा है कि चुनाव के वक्त में इस तरह गिरफ्तारियां करने की आखिर वजह क्या है। बता दें कि एनआइए जिस व्यक्ति को गिरफ्तार करने गई थी, वह तृणमूल कांग्रेस का नेता है। अब ममता बनर्जी इस घटना को भाजपा के उकसावे पर की गई कार्रवाई बता रही हैं। यह पहली बार नहीं है जब ममता बनर्जी इस तरह अपने किसी नेता या कार्यकर्ता के पक्ष में सीधे मैदान में कूद पड़ी हैं।

वे तो एक बार अपने कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में सीधे थाने में पहुंच गई थीं। राज्य के पुलिस अधीक्षक की अनियमितताओं के खिलाफ जब सीबीआइ ने पूछताछ की कोशिश की थी, तब भी वे धरने पर बैठ गई थीं। चुनावी हिंसा के मामलों में भी वे अक्सर अपने कार्यकर्ताओं का बचाव और भाजपा कार्यकर्ताओं के उपद्रव पर तल्खबयानी करती रही हैं।

यह ठीक है कि भाजपा और तृणमूल के बीच सियासी रस्साकशी चलती रहती है और यह अक्सर केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बन कर भी उभरती है, मगर क्या हर आपराधिक घटना को सियासी रंग दे देने से राज्य की कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं होती! आखिर कानून-व्यवस्था की जवाबदेही राज्य सरकार की है।

बम विस्फोट के जिस मामले में एनआइए जांच कर रही है, उसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। यह राज्य सरकार की भी चिंता का विषय होना चाहिए कि जिस घर में विस्फोट हुआ, वहां इतना ताकतवर बम पहुंचा कैसे और उसका किस मकसद से इस्तेमाल किया जाना था। आपराधिक घटनाओं को सियासी रंग दे देने का नतीजा यह होता है कि राजनीतिक दलों के बीच हिंसा और प्रतिहिंसा का दौर लगातार चलता रहता है। इसे लेकर पश्चिम बंगाल पर लंबे समय से अंगुलियां उठती रही हैं। चुनाव के दौरान तो व्यापक हिंसा देखी जाती है। इस समय आमचुनाव का माहौल है और ममता बनर्जी अगर एनआइए जांच में सहयोग करने के बजाय इसके पीछे भाजपा का हाथ बता रही हैं, जो जाहिर है, उनके कार्यकर्ताओं को एक तरह से उकसावा ही मिलेगा। इस तरह हिंसा के बल पर कोई राजनीतिक दल अपना आधार बेशक कुछ मजबूत बना ले, पर राज्य की कानून-व्यवस्था कमजोर ही होगी।



## कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी



-ललित गर्ग-

देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दापाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है।

दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है।

अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त में लिप्त हो जाते हैं।



बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के व्यापार में लग गए हैं। वो गरीब लोगों को बहकाकर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16-16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है।

देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमश: दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा।

पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुई। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थी। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाए तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके।

इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों को बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा। बहुत सारे बच्चों का बचपन होटलों पर काम करते या जूठे बर्तन धोते हुए या फिर काल कोठरियों में जीवन बिताते हुए कट जाता है। यों भी कह सकते हैं कि उनका जीवन आज अंधेरे में कट रहा है, दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत का बचपन आर्थिक कारणों से घायल है। बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। क्यों कानून का डर ऐसे अपराधियों को नहीं होता? क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है, प्रश्न है कि ऐसी विकृत एवं अमानवीय सोच क्यों पनप रही है?

## नौ माताओं के पुण्य स्मरण के साथ पवित्र नव वर्ष की शुभकामनाएं

पवित्र चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ के साथ हिंदू नव वर्ष की आप सभी को शुभकामनाएं अनंत बधाइयां

नवरात्रि का पहला दिन यानी प्रतिपदा तिथि मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। इस दिन जौ (जवार)बोने तथा कलश स्थापना पूजन के साथ ही देवी का पूजन किया जाना शुभ माना जाता हैद्य यह भी शास्त्रों में लिखा गया है कि प्रथम दिवस में माता की पूजा करते समय आराधक यदि लाल, गुलाबी ,नारंगी और रानी रंग के कपड़े पहन कर पूजा करने से माता का संपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता हैद्य द्वितीय दिवस यानी नवरात्रि के दूसरे दिन अत्यंत दिव्य देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना का विधान है सिद्धि के लिए इस दिन मां की उपासना करते समय सफेद,पीले रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है एवं इस पवित्र दिन में आराधना करने से मनवांछित इच्छाओं की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस में बाघ पर सवार स्वर्ण के समान रंग एवं छटा वाली मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है।इस दिन पीला, लाल, दूधिया या केसरिया रंग कपड़े पहनना शुभ माने जाते हैं एवं इन रंगों के कपड़े पहनकर देवी की आराधना करने से उनका आशीर्वाद एवं कृपा की प्राप्ति होती है।

नवरात्रि में चतुर्थ दिवस में इस भव संसार के ब्रह्मांड की रचना करने वाली दुर्गा मां के चौथे रूप के रूप में देवी कुष्मांडा की आराधना एवं भक्ति की जाति है। इस दिन इस प्रकृति की देवी के स्वरूप की मन से आराधना करना शुभ फल देने वाला है एवं देवी प्रकृति की देवी हैं इनकी उपासना इस दिवस में पीला ,हरा, लाल और भूरे रंग का वस्त्र पहनकर करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, एवं देवी प्रसन्न होती हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचम दिवस पर पंचमी तिथि को भगवान कार्तिकेय की माता देवी स्कंदमाता की आराधना एवं श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर छठवें दिन ऋषि कात्यायन की पुत्री कात्यायनी मां की पूजा अर्चना का शास्त्रों में पूजा का विधान माना जाता है। माता कात्यायनी अमोघ फलदाईनी होती हैं भक्तों द्वारा इस दिन लाल, नारंगी, गुलाबी, गेरुआ, मूंगा रंग के कपड़े पहनकर माता रानी की पूजा करने से ऐश्वर्या के साथ वैवाहिक जीवन में शांति सुख समृद्धि प्राप्त होती है। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा तथा अर्चना का विधान है, नवरात्रि की पूजा में तंत्र साधना करने वाले लोग इस दिन काले रंग का वस्त्र धारण करके इनकी पूजा अर्चना करते हैं साधकों को इस दिन बैगनी, स्लेटी ,नीला एवं आसमानी रंग का वस्त्र धारण कर मां के इस दिव्य रूप की पूजा अर्चना करनी चाहिए जिससे संपूर्ण ग्रह बाधाएं दूर होती हैं। नवरात्रि के आठवें दिन सर्व सौभाग्य दाइनी देवी महागौरी की उपासना का दिन माना जाता है। यह अत्यंत पवित्र दिन होता है और यह देवी धन, वैभव, सुख, शांति की शक्तिशाली देवी मानी जाती हैं। इनकी पूजा के दौरान साधकों को रातों को केसरिया संतरी गुलाबी या लाल रंग के वस्त्र धारण करके पूजा करनी चाहिए जिससे सुख एवं सौभाग्य की अखंड प्राप्ति होती है।

## ईश्वर आराधना

रटु रट रट राम, राम की ही रट रटु,
नाम सिया राम का ही रटें मन बांवरा।
राम राम लिए नाम आठों प्रहर सुबह शाम,
राम के लिए सब त्यागे धन बांवरा।।

कृष्ण कृष्ण कण कण , कभी सुने कहीं कर्ण,
कृष्ण के ही लीलाओं में मगन मैं सांवरा।
काली कजरारे कृष्ण नैन तेरे काले काले,
इन्हीं के रूप जाल में मन खोता है जरा जरा।।

संग सिया राम के, राधिके भी श्याम के,
देखूं जो कभी छवि तो खुले भाग्य ईश्वरा।
तूने ने लिखी है प्रभु, नियति मेरी सदा,
कहो तेरे सिवा रखूं, किस पे मैं आसरा।।

रूप की सुंदरता का, कोई क्या बखान करें,
जपे अधर नाम तेरा, मन भी है ध्यान धरा।
कोटि कोटि ग्रंथो में महिमा विदित है पर,
फिर भी न जान सकें अमित गुण ये मनोहरा।।



अमित पाठक शाकद्वीपी

## मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी



डॉ. नन्दकिशोर साह

लोकतंत्र की जड़ मतदाता है। हमारा देश संसार के जनतांत्रिक देशों में सबसे बड़ा है क्योंकि हमारे यहाँ मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे बड़ी है। हम एक लोकतांत्रिक देश के स्वतंत्र नागरिक है। लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत जितने अधिकार नागरिकों को मिलते हैं, उनमें सबसे बड़ा अधिकार है वोट देने का अधिकार। इस अधिकार को पाकर हम मतदाता कहलाते हैं।

चुनाव सरकार और शासन को संवैधानिक वैधता प्रदान करते हैं। सभी मतदाता को बिना किसी भय, पक्षपात, स्वार्थ, लालच या दबाव के मतदान करना चाहिए। मतदाता को लोकतंत्र की रक्षा, क्षेत्र के विकास और संविधान-प्रदत्त अधिकारों के लिए मतदान के दिन मतदान अवश्य करने जाना चाहिए। मतदान 18 वर्ष उम्र से सभी भारतीयों का संवैधानिक अधिकार है। एक वोट से होती जीत हार, वोट न जाये बेकार भावना को जागृत करना चाहिए।

देशभर में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग, सरकार से लेकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। लेकिन किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार बनाने में सबसे बड़ी भूमिका मतदाताओं की होती है। मतदाता अपने बहुमूल्य वोट से दल विशेष को पांच साल के लिए सत्ता में लाती है और देश व राज्य के विकास के लिए एक नागरिक होने के अपने कर्तव्य को पूरा करती है।

एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि शत प्रतिशत मतदान हो। किन्तु प्राय: देखा जाता है कि भारत में शत-प्रतिशत मतदान नहीं होता है। मतदाताओं का एक बड़ा भाग करीब 40 से 60त्न तक मतदान में भाग नहीं लेता है। यह एक अजीब विडंबना है कि लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने कर्तव्य मतदान का पालन नहीं करते हैं। आखिर वे कौन से कारण है जिसके चलते इतनी बड़ी संख्या में मतदाता मतदान में भाग नहीं लेते हैं? इन कारणों को जानने का कोई गंभीर प्रयास आज तक नहीं किया गया है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए इन कारणों को जानना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए चुनाव के उपरांत एक सर्वे कराया जाना चाहिए। इस प्रकार जो आंकड़ों का संग्रह होगा जिसके विश्लेषण द्वारा निम्न प्रतिशत मतदान के कारणों को सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस सर्वे का कोई तत्कालीन नहीं बल्कि दूरगामी में परिणाम होगा। भविष्य में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में कई रूप में सहायक होगा।

संविधान निर्माताओं ने स्वाधीनता के बाद भारत के लिए ब्रिटेन में 16वीं शताब्दी में प्रचलित चुनाव प्रणाली को अपनाना अधिक श्रेयस्कर समझा। इस प्रणाली के तहत प्रत्येक चुनाव क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों में से सर्वाधिक वैध मत पाने वाले उम्मीदवार निर्वाचित हो जाते हैं। आज ऐसे सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो विधायी कार्यों, आर्थिक- सामाजिक नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति गंभीर नहीं है। ऐसे में मतदाताओं को यह भी अधिकार होना चाहिए कि वे यदि अपने निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि की गतिविधियों से संतुष्ट न हों, तो उनकी सदस्यता समाप्त करा सके एवं वापस बुला सके।

भारतीय निर्वाचन प्रणाली में कुछ सुधारात्मक प्रयास किया जाना चाहिए। शिक्षा के महत्व को सुनिश्चित करना आवश्यक है। संस्कृत में एक श्लोक में सही कहा गया है कि विद्या विहीन व्यक्ति पशु के समान होता है। आज विभिन्न राज्यों और केंद्र में ऐसे उदाहरणों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो व्यक्ति सबसे कम पढ़ा लिखा है, वह शासक है और विद्वान व्यक्तियों की पूरी फौज उसके इशारों पर नाच रही है। इससे जहां एक ओर शिक्षा की गरिमा गिर रही है, वहीं दूसरी ओर पढ़े लिखे लोगों में हीन भावना का भी संचार हो रहा है। ऐसा नेतृत्व राज्य और देश को सतत एवं दीर्घकालीन विकासोन्मुख दिशा नहीं दे पाता है। अत: आवश्यक है कि भारतीय जनप्रतिनिधि कानून में संशोधन कर मंत्रियों एवं अन्य निर्वाचित सदस्यों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता जो स्तरीय भी हो, का निर्धारण किया जाए।

राजनीतिक दलों की बहुलता चुनाव पूर्व नए दलों का गठन भारतीय लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। अक्सर चुनाव से पूर्व नेताओं द्वारा एक दल छोड़कर दूसरे दल में जाने की घटना काफी बढ़ जाती है।

इस पर अंकुश लगाने के लिए नियम यथा किसी भी नए दल को उनके गठन के बाद से एक निश्चित अवधि मान लिया जाय 5 वर्ष तक राजनीतिक रूप से सक्रिय रहने के बाद ही चुनाव में भाग लेने दिया जाए। इस अवधि में आम जनता उसके विचारधारा, नीतियों और कार्य संस्कृति से भली भांति परिचित हो जाएगी।

जहां तक दलबदल का सवाल है इसमें कोई बुराई नहीं है, मगर ठीक चुनाव पूर्व के दलबदल में व्यक्तिगत एवं राजनीतिक स्वार्थ स्पष्ट नजर आता है। एक व्यक्ति की अपने दल के प्रति वर्षों की निष्ठा अगली सुबह नफरत में बदल जाता है एवं नए दल के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन मानो बरसों बरस से उसकी ही सदस्य रहे हैं। अत्यंत हास्यास्पद लगता है। साथ ही उसके नैतिकता एवं ईमानदारी पर प्रश्न चिन्ह लगता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। नए सदस्यों के लिए एक निश्चित अवधि पूरी होने के बाद ही उन्हें पार्टी का उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए।

जनता के निर्णय का सम्मान सभी रूप में होना चाहिए। वर्तमान में आप देख सकते हैं कि एक उम्मीदवार प्रत्यक्ष निर्वाचन में हार जाता है और अप्रत्यक्ष निर्वाचन के द्वारा राज्यसभा या विधान परिषद का सदस्य बन जाता है। यह स्थिति साबित करती है कि जनता उस उम्मीदवार के सामने बौनी है और वह उम्मीदवार जनता से काफी बड़ा है। इसमें भी सुधार होना चाहिए। अप्रत्यक्ष निर्वाचन में पराजित उम्मीदवारों को एक निश्चित अवधि यथा 3 वर्ष के उपरांत ही अप्रत्यक्ष निर्वाचन में भाग लेने देना चाहिए। इससे या किसी अन्य ताकत के बल पर पिछले दरवाजे से राजनीति में प्रवेश करने वाले करने वालों पर पाबंदी लगेगी।

भारत में मतदान को अनिवार्य किया जाना संभव नहीं है। अत: कोई अप्रत्यक्ष उपाय कारगर सिद्ध हो सकता है। मतदाताओं की संख्या में भारी वृद्धि से निपटना चुनाव आयोग के लिए एक चुनौती है। इसके लिए भविष्य में मतदान की ऑनलाइन प्रणाली विकसित किया जाना चाहिए।

भारत में केवल मतदान द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता का हस्तांतरण होना, केंद्र एवं राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दलों एवं गठबंधन की सरकार होने के बावजूद देश की एकता और अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखना, इस बात का अकाट्य प्रमाण है कि लोकतांत्रिक मूल्यों में भारतवासियों का विश्वास और निष्ठा कितनी अटूट है। चुनाव सुधार के संबंध में यह मौलिक कदम है जिसे आसानी से उठाया जा सकता है। इसका परिणाम व्यापक और दूरगामी में होगा। भारतीय लोकतंत्र के सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल होगा।

## शार्ट न्यूज

### इटावा में आग से करीब 40 लाख का नुकसान

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में दो दुकान और एक मकान में आग लगने से करीब 40 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन ने सोमवार को बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना रात करीब दो बजे की है। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार और गृह स्वामी के मुताबिक करीब 40 लाख का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। आग कॉस्मेटिक और मोटरबाइक सर्विस सेंटर के अलावा शिक्षक मनीष के घर के कमरे तक जा पहुंची जिससे कमरे बंद सोफा, बेड, समेत अन्य फनीचर और समान जल गया। दमकल टीम ने दुकान की दीवार तोड़ते हुए आग पर काबू पाया। हालांकि दमकल टीम जब तक वहां पहुंची तब तक आग से जी नुकसान होना था, वह हो चुका था। इसी के साथ भीषण आग के कारण दुकान व मकान का लेंटर भी चटक गया।

### कार हादसे में घायल तीसरे दोस्त की भी मौत

कानपुर। कानपुर के दर्दनाक सड़क हादसे में आठवें दिन तीसरे दोस्त ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीन दोस्त कानपुर से बाला जी मेहंदीपुर दर्शन करने जा रहे थे। हाईवे पर चढ़ते ही तेज रफ्तार कार की डंपर से टक्कर हुई और तेज रफ्तार कार हाईवे की रेलिंग को पार करते हुए 15 फीट नीचे गिरी। दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि तीसरे की हालत गंभीर थी। इलाज के दौरान सोमवार को तीसरे दोस्त ने भी दम तोड़ दिया। नौबस्ता आवास विकास हंसपुरम के रहने वाले रणविजय सिंह (42) कानपुर की एसबीआई आईआईटी ब्रांच में मैनेजर थे। बीते 1 अप्रैल को रणविजय अपने दो दोस्त उर्सला हॉस्पिटल के आवासीय परिसर में रहने वाले शिवाजीत वर्मा और श्याम नगर निवासी चंदन रघुवंशी के साथ राजस्थान के मेहंदीपुर बाला जी दर्शन करने जा रहे थे। कानपुर से दिल्ली नेशनल हाईवे पर नौबस्ता बाईपास पर डंपर की टक्कर के बाद अनियंत्रित कार सीधे फ्लाईओर से नीचे जा गिरी थी। कार उल्टी जमीन पर गिरी थी। दो दोस्त शिवाजीत और चंदन की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि रणविजय सिंह गंभीर रूप से घायल थे। सोमवार को इलाज के दौरान रणविजय ने भी हैलट में दम तोड़ दिया। मौत की खबर सुनते ही पत्नी रेशमा और उनकी पांच साल की बेटी साक्षी रो-रो कर बदहवास हो गये।

### 134 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ के अहिरौला थाने की पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में 134 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया है। जिले के अहिरौला थाने के प्रभारी सुनील दूबे और स्वाट टीम के प्रभारी श्रीप्रकाश शुक्ला की टीम को सूचना मिली की अहरौला बाइपास तमसा नदी पुलिया से अभियुक्त दिनेश चन्द्र पुत्र मनीराम सिंह गांजा लेकर जा रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी एटा जिले का रहने वाला है। इस बारे में पूछतॉछ में आरोपी ने बताया कि हमारी ट्रक में वरूना कंपनी से माल लोडकर आ रहा था। आरोपी ने बताया कि अपने साथी उमेश के साथ रास्ते में ही गाड़ी के केबिन में अवैध गांजा लोड कर लिया गया। जिसे बेचने के लिए जा रहा था। उसी दौरान संयुक्त टीम ने एक आरोपी को पकड़ लिया जबकि साथी उमेश मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी दिनेश चन्द्र के कब्जे से 10 पैकेट गांजा, एक मोबाइल फोन और ट्रक बरामद जब्त किया है। इस मामले का खुलासा करते हुए एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने इंटरसेप्ट कर गांजे की बरामगदी की है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गोरखपुर एयरपोर्ट से बंद हुई लखनऊ की विमान सेवा

गोरखपुर। गोरखपुर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले पैसेंजर्स को एक और झटका लगा है। स्पाइस जेट के बाद अब एलायंस एयर ने भी यहां से अपनी एक विमान सेवा को हटा दिया है। गोरखपुर से लखनऊ के बीच होने वाली उड़ान को बंद करने के साथ ही कंपनी ने गोरखपुर-दिल्ली के बीच होने वाली नियमित उड़ान को भी हफ्ते में 4 दिन करने का फैसला किया है। हालाकि, उड़ान बंद करने को लेकर कंपनी के अधिकारियों ने कोई खास वजह नहीं बताई है। दरअसल, गोरखपुर से एलाएंस एयर की 1 फ्लाइट लखनऊ तक आती-जाती थी। बाद में यही गोरखपुर से दिल्ली के लिए भी चलती थी। बीते फरवरी महीने में स्पाइसजेट की ओर से गोरखपुर से अपनी नियमित उड़ानें रद्द करने के बाद एलाएंस एयर पर यात्रियों की निर्भरता बढ़ गई थी। लेकिन अचानक से कंपनी ने लखनऊ की फ्लाइट बंद करने के साथ ही दिल्ली के फेरे भी कम कर दिए। वहीं, गोरखपुर एयरपोर्ट के अधिकारी अकासा एयर की नियमित उड़ान सेवा शुरू करने के लिए तैयार कर रहे थे, इसबीच एलाएंस एयर के इस रूख से एयरपोर्ट प्रशासन को झटका लगा है। अभी शनिवार को ही यहां तकनीकी दिक्कतों के चलते 6 उड़ानें कैंसिल हुई थीं। रविवार को विमान सेवा पटरी पर लौटी, तब तक एलाएंस एयर ने अपनी सेवाएं बंद करने की सूचना दे दी।

### दुबई में बैठकर आगरा में फ्राड करने वाला गैग पकड़ा

आगरा। आगरा के थाना किरावली पुलिस और साइबर सेल ने मिलकर 10 इंटरनेशनल साइबर ठगों को पकड़ा है। उनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। वे आगरा से सिम खरीदकर दिल्ली भेजते थे। वहां से दुबई और थाईलैंड में सिम की सप्लाई होती थी। बाद में इन नंबरों से फ्रॉड किया जाता था। पकड़े गए सभी आरोपी आगरा के अलावा हरियाणा और एमपी के रहने वाले हैं। उनके फर्जी बैंक एकाउंट्स से अब तक करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन का पता चला है। गैंग का सरगना दुबई में है। पुलिस अब उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दक्षिणी बाईपास से एक गिरोह पकड़ा गया। पूछताछ में इन्होंने बताया कि यह लोग 50 रुपए का सिम 500 रुपए में खरीदते थे। जिसे दिल्ली में अपने साथी को बेच देते थे। वहां से 1500 रुपए में फ्लाइट से दुबई भेजते थे। 10 हजार रुपए का हर सदस्य का चालू खाता खोला जाता था। सिम के जरिए दुबई और थाईलैंड में साइबर फ्रॉड किया जाता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 420 सिम, 7 मोबाइल, 4 बाइकें, 2 पासपोर्ट, 45 चेकबुक, 54 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी आगरा, हरियाणा और एमपी के हैं। जांच में मिली जानकारी जिन एकाउंट्स की जानकारी मिली है, उन्हें सीज कर दिया गया है।

### बरेली में युवती की गला दबाकर हत्या

बरेली। बरेली में 25 साल की युवती की गला दबाकर हत्या की गई है। शव को गेहूं के खेत में फेंका गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिथरी चैनपुर क्षेत्र के नगरिया गोपालपुर में आज सोमवार दोपहर लोगों ने गेहूं के खेत में एक 25 वर्षीय युवती का शव पड़ा देखा। शव पड़े होने की सूचना पर गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्र मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया शव की पहचान करने की कोशिश की गई है, लेकिन युवती के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती नारंगी सलवार सूट पहनी हुई थी। उसके गले पर निशान मिले हैं। एसपी देहात मुकेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि युवती की उम्र 25 साल के आसपास लग रही है। गले में एक लॉकेट मिला है। हाथ और पैरों के नाखूनों पर नाखून पॉलिश लगी मिली है। ऐसे में यह भी माना जा रहा है कि युवती विवाहित हो सकती है। गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टा पुलिस मान रही है कि युवती को गला दबाकर किसी दूसरे स्थान पर मारा गया और उसके बाद शव को बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में गेहूं के खेत में फेंक दिया गया। मौके पर महिला पुलिस ने भी जांच पड़ताल की है। वहीं, युवती के हाथ पर पुष्पा अरुण लिखा हुआ मिला है। हाथ पर पी गुदा हुआ भी मिला है। फिलहाल पुलिस शव की पहचान के प्रयास कर रही है।

# स्थानीय निकायों में कार्यरत भूतपूर्व सैनिकों की पूर्व सेवाएं जोड़ी जायें : हाईकोर्ट

**यह स्पष्ट प्रावधान है कि भूतपूर्व सैनिकों द्वारा की गयी सेवाओं की अवधि को वर्तमान सेवा में जोड़ा जायेगा**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नगर निगमों एवं नगर पालिका परिषदों में कार्यरत राजस्व निरीक्षकों को उनके भूतपूर्व सैनिक के रूप में की गयी सेवा जोड़ते हुए वेतन निर्धारित करने को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायाधीश नीरज तिवारी ने विभिन्न नगर निगमों एवं नगर पालिका परिषदों में कार्यरत राजस्व निरीक्षक धर्मवीर सिंह, रोशन लाल, सुनील सिंह, विजय सिंह की अलग-अलग याचिकाओं पर पारित किया है।

याची राजस्व निरीक्षकों के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम का कहना था कि सिविल सर्विस रेगुलेशन के प्रस्तर 422 एवं 526 में यह स्पष्ट प्रावधान है कि भूतपूर्व सैनिकों द्वारा की गयी सेवाओं की अवधि को वर्तमान सेवा में जोड़ा जायेगा तथा उनका वेतन सेना से सेवानिवृत्त की तिथि को आहरित अन्तिम मूल वेतन के आधार पर निर्धारित किया जायेगा।

मामले के अनुसार याचीगण राजस्व निरीक्षक वर्तमान समय में नगर निगम गाजियाबाद एवं मुरादाबाद, नगर पालिका परिषद हापुड़ एवं पीलीभीत, में कार्यरत है। वे राजस्व निरीक्षक के पद पर नगर निगम एवं नगर पालिका परिषदों में वर्ष 2017 में नियुक्त हुए थे। याचीगणों की नियुक्ति भूतपूर्व सैनिक कोटे के अन्तर्गत की गयी थी। याचीगण भारतीय सेना एवं वायु सेना में 15 वर्षों से ज्यादा समय तक कार्य करने के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। तत्पश्चात वे नगर निगम एवं नगर पालिका परिषदों में राजस्व निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए।

इनकी भारतीय सेना एवं वायु सेना में की गयी सेवा अवधि को वर्तमान सेवा में नहीं जोड़ा जा रहा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता का कहना था कि शासनादेश दिनांक 26 अगस्त 1977, 26 मार्च 1980, 22 मार्च 1991, 07 नवंबर 2014 एवं 17 जून 2021 में यह स्पष्ट प्रावधान दिया गया है कि सैन्य कर्मियों की पूर्व सेवाओं को सिविल सर्विस रेगुलेशन के प्रस्तर 422 एवं 526 के अन्तर्गत सैन्य सेवा जोड़े जाने के लिये दी गयी व्यवस्था के अनुसार सेवा में जोड़ा जायेगा।

कहा गया कि हाईकोर्ट ने हंस नाथ द्विवेदी एवं हरि चन्द के केस में यह विधि व्यवस्था प्रतिपादित की है कि सैन्य कर्मियों की पूर्व सेवाओं को सिविल सर्विस रेगुलेशन के प्रस्तर 422 एवं 526 के अन्तर्गत सैन्य सेवा जोड़े जाने हेतु दी गयी व्यवस्था के अनुसार सेवा में जोड़ा जायेगा।

# अयोध्या पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत

अयोध्या। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत सोमवार को अयोध्या पहुंचे। पत्रकारों से बात करते हुए कहा भाजपा यदि 400 पार हो रही है तो फिर चुनाव कराने की क्या जरूरत है थी, इसको रिनिवल कर लेते। यह जनता पर छोड़ दो, किसकों कितना वोट मिलेगा यह तो जनता ही तय करेंगा। भाजपा के राम मंदिर मुद्दे पर टिकैत ने कहा राम मंदिर का मुद्दा पहले था, अब नहीं है।

टिकैत ने कहा किसान आंदोलन से भाजपा को नुकसान होगा कि नहीं यह हमें नहीं पता, लेकिन यह जरूर है कि आंदोलन से देश का किसान संगठित हुआ है, हर राज्य में वह अपनी बात कह रहा है, किसान मजदूर नौजवान अपनी बात कह रहा है, जो सरकार उसको दबाने का काम करता है, अब वह उससे अपनी बात कह रहा है। राकेश टिकैत ने कहा जो जेल में नहीं गया वह कैसा नेता। जेल में पॉलिटिकल की परीक्षा होती है, जो फाइनल परीक्षा बोर्ड की होती है, वह जेल में होती है, जो आदमी जेल में ना गया हो, वो नेतागिरी कैसे करेगा। जेल तो सबको जाना पड़ेगा, मोदी का बगैर नाम किए बोले कि यह तो ऐसा राजा है, यह तो भाजपा में शामिल हो जाओ या तो जेल चले जाओ, इसके शासन में दो ही रास्ते हैं।

किसान बचेगा तो आंदोलन से ही राकेश टिकैत ने कहा किसान बचेगा आंदोलन से, किसी पार्टी में जाकर नहीं बचेगा, किसान को जहां वोट देना हो वह अपना वोट दे, जहां उसकी आस्था है, वहां वोट दे, आंदोलन मजबूत रहेगा।

तो किसान बचेगा, अपना वोट किसान जरूर दें, नोटा नहीं दबाना है, हम नोटा वाले नही हैं, हम तो वोट देते हैं ठोक कर। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए जो भी उम्मीदवार आए उसे प्रश्न जरूर पूछो, एमएसपी के बारे में पूछो, रोजगार के बारे में पूछो, बिजली के बारे में पूछो, गांव की समस्या के बारे में पूछो। किसान नेता राकेश टिकैत बिहार जा रहे थे।

# झांसी जिला अस्पताल में युवक की मौत , परिजनों ने किया जमकर हंगामा

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के जिला अस्पताल में सोमवार को इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने और सुबह के समय गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

परिजनों को आरोप है कि राहुल वर्मा (24) निवासी काशीराम कालोनी करारी को शुक्रवार रात में पेट में दर्द और उल्टी होने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

उसी समय से चिकित्सकों ने मरीज पर कोई खास ध्यान नहीं दिया। आज सुबह जब राहुल की हालत ज्यादा बिगड़ गयी तो चिकित्सकों ने उसे एक इंजेक्शन लगाया जिसके बाद उसकी मौत हो गयी लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें इसकी जानकारी नही दी और उसको ड्रिप लगा दी साथ ही उन्होंने राहुल का ईसीजी भी किया। इसके बाद चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया।

दूसरी ओर इस पूरे मामले में मंडलीय चिकित्सा अधिकारी पी के कटियार ने बताया कि शुक्रवार रात को राहुल को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद डॉ अभिषेक साहू ने भर्ती किया था। राहुल को डॉ श्याम देख रहे थे।

# सहारनपुर में मामा-भांजे को ट्रक ने कुचला, मौत

**बड़ी बहन के घर छोटी बहन और भांजे-भांजी को लेकर जा रहा था मृतक, प्याज से भरा था ट्रक**

सहारनपुर। सहारनपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक मामा-भांजे को कुचल दिया। दोनों की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि मृतक की बहन और भांजी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद सड़क पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना देर रात की है। मामला थाना देहात कोतवाली का है।




### बड़ी बहन के घर जा रहे थे बाइक सवार

थाना देहात कोतवाली के बेहट रोड स्थित गांव ढमोला के रहने वाले मनोज (19) बाइक पर अपने भांजे अंकुश (5), बहन रोजी, भांजी रिहा (12) के साथ अपनी दूसरी बड़ी बहन के घर गांव चौरामंडी जा रहा था।

जब चिलकाना रोड पर गांव दमकड़ी के पास पहुंचे तो सामने से आते ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक के पहिए से कुचले जाने से मनोज और अंकुश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोजी व रिहा गंभीर रूप से घायल हुई। रिहा की टांग टूट गई। राहगीरों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### मनोज करता था मजदूरी

मृतक मनोज मजदूरी करता था। उसके पिता और भाई भी मजदूरी करते हैं। मनोज की अभी शादी नहीं हुई थी। मृतक के पिता पाल्ला ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। मामा-भांजा की मौत से परिजन ग़मजदा हैं।

### मृतक के पिता ने कराया मुकदमा दर्ज

मृतकों की सूचना परिजनों को लगी। मृतक मनोज के पिता पाल्ला परिवार और ग्रामीण के साथ जिला अस्पताल पहुंचा। शव का पंचनामा भरवाया और शव पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ मनोज के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# झांसी में 70 लाख कैश, 28 लाख के गहने पकड़े

**दिल्ली का युवक पिट्ठू बैग में भरे था, सीज करते हुए इनकम टैक्स को दी सूचना**

झांसी। झांसी में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही चेकिंग में एक युवक से 70 लाख रुपए कैश और 28 लाख रुपए के गहने बरामद हुए हैं। युवक दिल्ली का रहने वाला है और सर्राफा बाजार से दिल्ली जा रहा था। पकड़े जाने पर वह पैसों और गहनों के बारे में सही से जबाव नहीं दे पाया। इस पर रकम और गहने सीज करते हुए कोषागार के सुपुर्द कर दिए गए। पूरे मामले की इनकम टैक्स विभाग को सूचना दी गई है। आगे की कार्रवाई इनकम टैक्स विभाग करेगा।



### पुलिस और एफएसटी कर रही थी चेकिंग

एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए रविवार शाम को एफएसटी व नवाबाद पुलिस संयुक्त रूप से अशोक तिराहा पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। शाम करीब 7:30 बजे एक युवक वहां से निकला। जिसके पीठ में एक बैग था। संदिग्ध लगने पर पुलिस ने चेकिंग की। तब बैग के अंदर से 70 लाख 56400 रुपए कैश और 436.51 ग्राम सोने के गहने बरामद हुए। पकड़े गए युवक की पहचान दिल्ली के करोलबाग, शंकरपुरा निवासी शांति करात (40) के रूप में हुई। वह रुपए और गहनों के बारे में संतोषजनक जबाव नहीं दे पाया। तब उसके रुपए और गहनों को सीज कर दिया गया।

### इनकम टैक्स विभाग करेगा जांच

एसपी सिटी ने बताया कि सीजर की कार्रवाई करते हुए पूरे मामले की जानकारी इनकम टैक्स विभाग को दी गई है। अब आगे की जांच इनकम टैक्स विभाग करेगा। इससे पहले एफएसटी व कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 13 लाख रुपए कैश बरामद कर सीज किए थे। जबकि 5 से 6 अन्य लोगों को भी अवैध नकदी के साथ पकड़ा जा चुका है।

# आगरा में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म : आरोपी गिरफ्तार

एत्मादपुर। आगरा में 6 साल की बच्ची के साथ 11 साल के लड़के ने दुष्कर्म किया। इस घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर डीसीपी बेस्ट सोनम कुमार के साथ एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा पुलिस बल के मौके पर पहुंची। उन्होंने घटना का निरीक्षण किया। बाद में पुलिस ने तत्परता से आरोपी को गिरफ्त में लेकर लेबर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जुवेनाइल में भेज दिया गया। घटना एत्मादपुर थाना क्षेत्र की है।

यहां बच्ची घर से सामान लेने के लिए जा रही थी। उसी समय गांव का ही विशेष समुदाय का 11 साल का नाबालिग उसे बहलाकर खेत में ले गया और मासूम के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद भाग गया। मासूम ने



जब यह बात अपने घर बताई तो घर पर हड़कंप मच गया। मासूम के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

थाना प्रभारी विजय विक्रम सिंह ने बताया कि नाबालिग बच्ची से रेप करने का आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# मुख्तार के गुर्गे श्यामबाबू पासी को 10 वर्ष की सजा

आजमगढ़। आजमगढ़ कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर रहे श्याम बाबू पासी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पांच हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। यह फैंसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 7 रमेश चंद्र ने सोमवार को सुनाया। कातिलाना हमले में सुनवाई पूरी करने के बाद यह फैंसला सुनाया। अभियोजन कहानी के अनुसार मऊ जनपद के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के कमालुद्दीनपुर निवासी राम प्रसाद वर्मा 5 अगस्त 2013 को अपने परिवार के साथ दुकान से घर जा रहे थे। रास्ते में लगभग सात बजे शाम ग्राम हथौटा के पास चार अज्ञात बदमाशों ने रामप्रसाद वर्मा पर नजदीक से जान से करने के नियत से गोली चला दी।

### घायल की पत्नी ने दर्ज कराया था मुकदमा

इस मामले में घायल राम प्रसाद की पत्नी प्रेमशीला ने जहानागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच पूरी करने के बाद पुलिस ने श्याम बाबू पासी पुत्र सिद्ध नारायण निवासी वीरपुर थाना मेंहनगर पर इस घटना की साजिश का आरोप लगाते हुए चार्जशीट न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की



तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता गोपाल पांडे ने दो गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया।

सुनवाई के दौरान आरोपी श्याम बाबू पासी ने अपने ऊपर लगाए गए आरोप को स्वीकार कर लिया। अदालत ने सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपी श्याम बाबू पासी को दस वर्ष के कठोर कारावास तथा पांच हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई।

### छह सितंबर 2022 को सुनाई जा चुकी है आठ वर्ष की सजा

आजमगढ़ कोर्ट ने छह सितंबर 2022 को माफिया मुख्तार अंसारी के गुर्गे श्याम बाबू पासी को 8 वर्ष की सजा सुनाई थी। साथ ही 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। 2014 में आजमगढ़ के एरा कला में सड़क निर्माण के दौरान गोलीबारी हुई थी। इस मामले में मुख्तार अंसारी सहित 11 आरोपी हैं। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई थी।

# गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर दोस्त की हत्या

**बोरी में भरकर जंगल में फेंकी लाश; लवस्टोरी के बीच आ गया था शिवांश**

बदायूं। बदायूं के युवक की बरेली में हत्या कर दी। शव को बोरी में भरकर जंगल में फेंक दिया। पुलिस ने जब लड़के की कॉल डिटेल खंगाली तब जाकर मामला खुला। प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिया गया। दोस्त और उसकी प्रेमिका ने ही युवक की हत्या की थी।

दरअसल, पिछले कुछ महीने से युवक की बात दोस्त की गर्लफ्रेंड से हो रही थी। उन दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी तो ये बात दोस्त को पता चली। युवक को लेकर प्रेमी-प्रेमिका के बीच बात हुई। उन्होंने युवक को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। पुलिस ने लड़की को हिरासत में ले लिया है। जबकि आरोपी लड़का अभी फरार है।

### पुलिस आरोपियों तक कैसे पहुंची और कैसे मामले का खुलासा हुआ...

थाना सिविल लाइंस इलाके के आरिफपुर नवादा गांव का रहने वाला शिवांशु गौतम (21) बीएससी फाइनल ईयर का छात्र था। पिता की नवादा में ही किराना की दुकान है। इसी पर बैठकर वह पिता का हाथ बंटाता था। रविवार को उसका शव बरेली के थाना सुभाषनगर इलाके में जंगल में



बंद बोरी में पुलिस ने बरामद किया था।

### दोस्त के घर जाने के लिए निकला था

शिवांशु के बड़े भाई अभिषेक गौतम ने बताया, 2 अप्रैल की शाम 6 बजे स्पलेंडर बाइक लेकर शिवांशु घर से निकला था। उसने अभिषेक को बताया था कि अपने दोस्त के घर जा रहा है कल तक लौट आएगा। इसके बाद भाई से दोबारा बात नहीं हुई। भाई ने बताया, इसके बाद उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया। न फोन ऑन हुआ न उससे कोई बात हुई। उसका कुछ भी पता नहीं चला। वह अकेले स्पलेंडर बाइक से निकला था। हम लोगों ने 5 अप्रैल को गुमशुदगी दर्ज कराई। कल दरोगा जी ने बताया कि उसकी बॉडी बरेली में पड़ी है। एक लड़का सनी कश्यप और लड़की तनु ने उसे मार कर फेंका है। उन दोनों लड़का-लड़की का प्रेम प्रसंग था। उस लड़की का कहना है कि शिवांशु हमारे बीच आ रहा था इसलिए हत्या कर दी।

### नेटवर्क मार्केटिंग करती थी युवती

अभिषेक ने बताया, पुलिस ने भाई के लापता होने की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने उसका मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाया। इसके आधार पर रविवार को तनु नाम की लड़की को उठाकर पूछताछ की गई। तनु अपने प्रेमी सनी के साथ बरेली के मोहल्ला नेकपुर रहती थी और नेटवर्क मार्केटिंग करती थी। लड़की ने पुलिस की पूछताछ में कहा कि उसका प्रेमी सनी उस पर बार-बार शिवांशु से बात न करने का दबाव बनाता था। शिवांशु को लेकर उन दोनों के बीच अक्सर झगड़ा भी होता था। इसके बाद उन लोगों ने शिवांशु को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया।

लड़के के कहने पर लड़की ने शिवांशु को बरेली अपने कमरे पर बुलाया। वहां उसने सनी के साथ मिलकर अपने दुपट्टा से शिवांशु की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरी में बंद करके सुभाष नगर क्षेत्र में सुनसान जगह पर फेंक दिया। फिर अपना कमरा बदलकर मोहल्ला मढ़ीनाथ में रहने लगे।

### हत्या कर साक्ष्य मिटाने का मुकदमा

सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने बताया कि 5 अप्रैल को सिविल लाइंस थाने में गुमशुदगी दर्ज हुई थी। काल डिटेल से पूरा मामला खुला और महिला की निशानदेही पर शव बरामद किया गया। गुमशुदगी की जगह अब हत्या का मामला दर्ज किया जा रहा है। शिवांशु गौतम का हत्यारोपी सनी गहरा दोस्त था। उनका एक-दूसरे के घर पर आना जाना था। वह एक साथ कोजेट कंपनी में काम भी करते थे। लेकिन जैसे ही सनी को पता चला कि शिवांशु की तनु से नजदीकियां बढ़ गई हैं तो दोनों के बीच में खटास पैदा होती चली गई। वह उससे रंजिश मानने लगा।

## शार्ट न्यूज

### कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स के आइकॉनिक फंड ने जुटाए 2000 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड (कोटक ऑल्ट) ने सोमवार को बताया कि उसके कोटक आइकॉनिक फंड ने 2000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह कोष शेयरों में निवेश पर एक ओपन-एंडेड कोष है और इसकी अवधारणा एक मल्टी-एडवाइजर पोर्टफोलियो समाधान के रूप में की गई है। कंपनी के अनुसार इसमें बाजार पूंजीकरण और बाजार के रुझानों को देखते हुए निवेश के आवंटन में संतुलन के साथ विविधीकृत 'एक्टिव और पैसिव' रणनीतियों वाला लचीला निवेश दृष्टिकोण बनाए रखा है। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी- इन्वेस्टमेंट एंड स्ट्रैटेजी, लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि प्रबंधन के अंतर्गत सम्पति (एयूएम) में 2000 करोड़ रुपये की पूंजी निवेशकों के दृढ़ समर्पण, लचीलेपन और भरोसे का प्रतीक है, जिन्होंने भारतीय इक्विटी के क्षेत्र में कोटक आइकॉनिक को अपने पसंदीदा निवेश विकल्प के रूप में चुना है। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड के डिस्क्रिशनरी पोर्टफोलियो सॉल्यूशंस के प्रमुख निशांत कुमार ने कहा कि सेबी के साथ पंजीकृत कोटक आइकॉनिक फंड कठोर अनुसंधान, अनुशासित फ्रेमवर्क-आधारित निवेश, जोखिम प्रबंधन और भारतीय आर्थिक स्थिति की गहरी समझ की नींव पर बनाया गया है। कोटक आइकॉनिक फंड अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, डीआईएफसी और हांगकांग सहित पांच अपतटीय क्षेत्राधिकारों से भी निवेश स्वीकार कर सकता है।

### ईडी ने सन परिवार समूह से जुड़ी 25.20 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सन परिवार समूह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सन परिवार समूह की कंपनियों के सीईओ मेथुकू रविंदर, उनके परिवार के सदस्यों, करीबी सहयोगियों और उनसे जुड़े लोगों की 25.20 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति जब्त की है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नवंबर-फरवरी 2024 के दौरान चीन से पर्सनल कंप्यूटरों के मामले में देश का आयात तीन प्रतिशत घटकर 91.7 करोड़ डॉलर रह गया। नवंबर-फरवरी 2023 के दौरान पड़ोसी देश से इनबाउंड शिपमेंट 950.22 मिलियन अमरीकी डालर था। इसी तरह, नवंबर 2023-फरवरी 2024 के दौरान चीन से आयात लगभग 48 प्रतिशत घटकर 91.7 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि जुलाई-अक्टूबर 2023 के दौरान यह 1.75 अरब डॉलर था। भारत में पर्सनल कंप्यूटर का आयात भी नवंबर-फरवरी 2024 के दौरान दुनिया से सालाना आधार पर 55 प्रतिशत घटकर 1.06 अरब डॉलर रह गया। पिछले साल 19 अक्टूबर को, सरकार ने लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने आयातकों को मात्रा और मूल्य का विवरण देने पर केवल विशेष अनुमति पर विदेशों से आईटी हार्डवेयर के शिपमेंट को लाने की अनुमति दी थी।

### भारतीय सीईओ का औसत वेतन 13.8 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। भारत में मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) का औसत वेतन 13.8 करोड़ रुपये है, जो कोविड-19 महामारी से पहले की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। डेलॉयट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय सीईओ के कुल पारिश्रमिक का आधे से अधिक हिस्सा अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रोत्साहन से जुड़ा हुआ है। 'डेलॉयट इंडिया एक्जिक्यूटिव परफॉर्मेंस एंड रिवार्ड्स सर्वे 2024' के अनुसार, भारत में मुख्य कार्यपालक अधिकारियों का औसत वेतन 13.8 करोड़ रुपये है। सर्वेक्षण के मुताबिक जो सीईओ प्रवर्तक हैं या प्रवर्तक परिवार के सदस्य हैं, उन्हें औसतन 16.7 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार और सीएचआरओ प्रोग्राम के लीडर आनंदोरूप घोष ने कहा, ''प्रवर्तक सीईओ का पारिश्रमिक, पेशेवर सीईओ के मुकाबले अधिक है। ऐसा मुख्य रूप से दो वजहों से है। प्रवर्तक सीईओ के मुकाबले पेशेवर सीईओ बार-बार बदलते रहते हैं। दूसरी बात यह कि प्रवर्तक सीईओ के मुआवजे की सीमा बहुत व्यापक है, और इससे औसत प्रभावित होता है। डेलॉयट के अनुसार, सीईओ के कुल वेतन में वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत से अधिक जोखिम पर आधारित भुगतान है। प्रवर्तक सीईओ को किया जाने वाला 47 प्रतिशत भुगतान जोखिम पर आधारित है, जबकि पेशेवर सीईओ के लिए यह आंकड़ा 57 प्रतिशत है।

### भारत में तेजी से बढ़ रहा मोबाइल वॉलेट पेमेंट, 2028 तक पार कर जाएगा 531 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा

भारत में मोबाइल वॉलेट का चलन बढ़ रहा है और यह नकदी और कार्ड जैसे पारंपरिक तरीकों को पीछे छोड़ते हुए तेजी से प्राइमरी पेमेंट ऑप्शन बन रहा है। लंदन स्थित अग्रणी डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा के अनुसार, अगले कुछ वर्षों में, भारत में मोबाइल वॉलेट के माध्यम से पेमेंट 2028 में 531.8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने की संभावना है। इसमें साल 2024 और 2028 के बीच 18.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर देखी जाएगी। ग्लोबलडेटा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मोबाइल वॉलेट पेमेंट का मूल्य 2019 और 2023 के बीच 72.1 प्रतिशत की CAGR से बढ़कर 2023 में 202.8 लाख करोड़ (2.5 ट्रिलियन) रुपये तक पहुंच गया। उनका मानना है कि इसका मुख्य कारण सरकार द्वारा डिजिटल पेमेंट विधियों को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास है। इसमें भी सबसे प्रमुख है मोबाइल वॉलेट-आधारित इंस्टेंट पेमेंट सॉल्यूशन PI। पिछले हफ्ते, भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वह जल्द ही यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस के माध्यम से बैंकों में नकद जमा करने की सुविधा प्रदान करेगा, जो परंपरागत रूप से पीयर-टू-पीयर लेनदेन, बिल पेमेंट, मर्चेंट लेनदेन और अन्य डिजिटल पेमेंट के लिए एक लोकप्रिय तरीका रहा है। ग्लोबलडेटा ने कहा कि अप्रैल 2016 में लॉन्च किए गए PI का उपयोगकर्ता आधार अक्टूबर 2023 तक 30 करोड़ था।

# मजबूत तिमाही नतीजे आने की उम्मीद में बाजार नये शिखर पर

**मुंबई।** दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे मजबूत रहने की उम्मीद में ऑटो, तेल एवं गैस, ऊर्जा, सीडी, धातु और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 494.28 अंक अर्थात 0.67 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,742.50 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 152.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,666.30 अंक के शिखर पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 0.26 प्रतिशत बढ़कर 40,937.30 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत फिसलकर 46,003.86 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4055 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1898 में लिवाली जबकि 2033 में बिकवाली हुई वहीं 124 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 37 कंपनियां हरे जबकि शेष 13 लाल निशान पर बंद हुईं।

विश्लेषकों के अनुसार, कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणाम आने वाले हैं। इन कंपनियों की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद में आज निवेश धारणा मजबूत रही और बाजार उछल गया। ऑटो, रियल्टी, तेल एवं गैस और सीडी समूह ने बेहतर प्रदर्शन किया जबकि खर्च में मंदी के कारण चौथी तिमाही की धीमी रफ्तार की आशंका से आईटी समूह के शेयर सुस्त रहे।



वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े जारी होने के बाद निवेशक इस सप्ताह अमेरिकी महंगाई आंकड़े, यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के नीतिगत निर्णय और ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के जारी होने वाले आंकड़े का इंतजार कर रहे हैं।

बीएसई के 16 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.72, सीडी 1.14, ऊर्जा 1.24, एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.23, इंडस्ट्रियल्स 0.52, दूरसंचार 0.74, यूटिलिटीज 0.90, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.45, कैपिटल गुड्स 0.51, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.78, धातु 1.10, तेल एवं गैस 1.51, पावर 0.58 और रियल्टी समूह के शेयर 1.21 प्रतिशत मजबूत रहे।

वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09, जर्मनी का डैक्स 0.57, जापान का निक्केई 0.91, हांगकांग का हैंगसेंग 0.05 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.13 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.72 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 307 अंक की तेजी के साथ 74,555.44 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,410.07 अंक के निचले स्तर तक आ गया।

वहीं, इसके बाद हुई लिवाली के दम पर दोपहर बाद यह 74,869.30 अंक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 74,248.22 अंक के मुकाबले 0.67 प्रतिशत उछलकर 74,742.50 अंक हो गया।

निफ्टी भी 65 अंक की बढ़त लेकर 22,578.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,550.35 अंक के निचले जबकि 22,697.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,513.70 अंक की तुलना में 0.68 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,666.30 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें मारुति 3.26, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.22, एनटीपीसी 2.54, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.39, एलटी 1.92, रिलायंस 1.75, एक्सिस बैंक 1.61, पावरग्रिड 1.24, भारती एयरटेल 1.18, इंडसइंड बैंक 1.11, टाटा स्टील 1.10, टाटा मोटर्स 0.59, एसबीआई 0.53, आईसीआईसीआई बैंक 0.30, टेक महिंद्रा 0.16 और बजाज फाइनेंस 0.04 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, नेस्ले इंडिया 1.59, विप्रो 1.09, सन फार्मा 0.51, एचसीएल टेक 0.37, टाइटन 0.32, एचडीएफसी बैंक 0.22, इंफोसिस 0.17 और टीसीएस के शेयर 0.17 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

# वैश्विक अस्थिरता के बीच सोने में तेजी, चांदी में निखार बढ़ने की संभावना

नयी दिल्ली। भारत में अप्रैल माह में चैत्र नवरात्र, गुडी पड़वा, उगाडी और ईद त्योहारों से पहले सर्राफा बाजार में तेजी का दौर है।

सोना 24 कैरेट का भाव दिल्ली में आज 73,275 रुपये रुपये प्रति दस ग्राम तक चला गया। भारत में चांदी भी औसतन 81,500 रुपये प्रति किलो के स्तर को पार कर गयी है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सुरक्षित निवेश की मांग के समर्थन से सोने का भाव 2320 डालर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है।



विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में ऊंची कीमतों बाजार में सोने की मांग में ठहराव है और चुनावों में नकदी और सोने की खेप पर सरकारी एजेंसियों की निगरानी बढ़ने से इस वर्ष की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में इस सप्ताह के त्योहारों को छोड़ कर सोने की मांग नरम रह सकती है।

वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता तथा अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर में कटौती का दौर प्रारंभ करने की संभावनाओं के बारे में संघीय केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से किसी अस्पष्ट संकेत से अंतराष्ट्रीय बाजार में भी सोने का भाव मजबूत है।सचिन जैन,

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के भारत में स्थित क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने एक बयान में कहा, भारत में सोने की कीमत ने 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को छू लिया है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों केंद्रों में पहली तिमाही में आभूषण की मांग लगभग स्थिर रही है।

जैन ने कहा कि भारतीय परिवारों में त्योहारों पर सोना खरीदने को शुभ मानने की संस्कृति है तथा गुडी पड़वा, चैत्र नवरात्र आदि त्योहारों के आसपास सोने की प्रतीकात्मक खरीद बढ़ने से बाजार में उत्साह बढ़ा जाता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल में नवरात्रि और ईद के साथ वर्तमान त्योहारी सीज़न की शुरुआत से उपभोक्ता खरीदारी में तेजी देखी जानी चाहिए और सोने की मांग में बढ़ोतरी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से, उद्योग उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि और त्योहारों के लिए अच्छी पूर्व बुकिंग की खबर है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आम चुनावों के दौरान अगले दो महीनों तक सोने और नकदी की आवाजाही पर कड़ी जांच की जाएगी। त्योहारों को छोड़कर, 2024 की दूसरी तिमाही के बड़े हिस्से के दौरान सोने के आभूषणों की मांग कम रहने की संभावना है, फिर भले ही आने वाले महीनों में कीमतें कम हों।

श्री जैन के अनुसार धातु के रूप में सोने का भाव ऊंचा होने से ऊंची सोने से जुड़े डिजिटल और निवेश उत्पादों में निवेश को प्रोत्साहित कर सकती हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड प्रेशियस मेटल्स त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ महीनों में चांदी में जोरदार सकारात्मकता रहेगी, लेकिन क्या यह सीधी बढ़त होगी या अस्थिरता के साथ, यह समय पर निर्भर करेगा।

फर्म में चांदी में भाव की हर गिरावट पर निवेश करने की सलाह दे रही है। उसका अनुमान है कि चांदी लंबी अवधि में 92,000-1,00,000 रुपये प्रति किलो तक मजबूत हो सकती है।

# वित्त वर्ष 2024 में भारत की ईंधन मांग में हुई सालाना 5 प्रतिशत की वृद्धि

**एजेंसी**

पिछले साल मार्च की तुलना में इस साल मार्च में भारत में ईंधन की खपत 0.6 प्रतिशत कम हो गई। बहरहाल, 2024 वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) में ईंधन की खपत में पिछले वित्तीय साल की तुलना में लगभग 5 की वृद्धि हुई।

यह वृद्धि ऑटोमोटिव ईंधन और नेफ्था की अधिक बिक्री के कारण हुई।

तेल मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण सेल के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि मार्च 2024 में भारत में तेल की खपत 21.09 मिलियन मीट्रिक टन (4.99 मिलियन बैरल प्रति दिन) रही। वहीं, मार्च 2023 में भारत में तेल की खपत 21.22 मिलियन मीट्रिक टन (5.02 मिलियन बैरल प्रति दिन) थी।

हालांकि मार्च 2024 में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में ईंधन की मांग में भारी वृद्धि देखी गई। यह मांग 233.276 मिलियन टन के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 223.021 मिलियन टन थी।

यह वृद्धि मुख्य रूप से ट्रकों और कमर्शियल पैसेंजर वाहनों द्वारा उपयोग किए जाने वाले डीजल की बिक्री में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई, जो मार्च में 8.04 मिलियन टन हो गई। बीते वित्तीय वर्ष में डीजल की बिक्री में भी 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसी बीच, मार्च में गैसोलीन की बिक्री पिछले साल के मार्च की तुलना में 6.9 प्रतिशत बढ़कर 3.32 मिलियन टन हो गई।

पूरे वित्तीय वर्ष में भी गैसोलीन की बिक्री 6.4 प्रतिशत अधिक रही। सड़क निर्माण के लिए इस्तेमाल होने वाला बिटुमेन, मार्च में पिछले साल के मार्च की तुलना में लगभग समान रहा। लेकिन पूरे वित्तीय वर्ष में बिटुमेन की बिक्री में 9.9त्न की वृद्धि देखी गई।

रसोई गैस के रूप में इस्तेमाल होने वाला एलपीजी, मार्च में 8.6 प्रतिशत बढ़कर 2.61 मिलियन टन तक पहुंच गया।

नेफ्था की बिक्री भी पिछले साल के मार्च की तुलना में 5.5 प्रतिशत बढ़कर 1.19 मिलियन टन हो गई। दूसरी ओर, ईंधन तेल के उपयोग में मार्च में सालाना 9.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और वित्तीय वर्ष में 6.3 प्रतिशत की गिरावट आई।

## सरकार इस महीने प्रतिभूतियों की बिक्री से 20,000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को नीलामी के माध्यम से तीन अलग-अलग श्रृंखलाओं में 20,000 करोड़ रुपये जुटाने वाली प्रतिभूतियों की बिक्री (निर्गम/पुन: जारी) करने की घोषणा की, जिसमें 2000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त रखने का विकल्प भी शामिल है।

वित्त मंत्रालय ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि ये नीलामी 12 अप्रैल, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित की जाएगी।

सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा।

नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 12 अप्रैल, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए।

गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए। और सुबह 11:00 बजे और प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए।

# 10 वर्षों में रियल एस्टेट में 3 करोड़ रोजगार सृजित

नयी दिल्ली। मोदी सरकार द्वारा कई नीतिगत सुधारों के समर्थन से आवास क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में भारतीय रियल एस्टेट में रोजगार बढ़कर 7.1 करोड़ हो गया जबकि 2013 में यह संख्या 4 करोड़ थी।

एनारॉक और नारेडको की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के कई सुधारों से भारतीय आवासीय रियल एस्टेट बाजार को काफी फायदा हुआ है।

सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे उद्योग को न केवल मजबूत होकर उभरने में बल्कि नई ऊंचाइयों को छूने में भी मदद मिलेगी। एनारॉक और नारेडको की नई रिपोर्ट %रियल एस्टेट अनबॉक्स्ड- द मोदी इफेक्ट% ने एक ऐसे आवास परिदृश्य को प्रदर्शित किया है जो विकास के अवसरों को विकसित करने की क्षमता से परिपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि शीर्ष 7 शहरों में आवास की मांग और नई आपूर्ति पिछले 10 वर्षों में बढ़ी है, विशेष रूप से महामारी के बाद, और आवास की बिक्री अब नए लॉन्च के साथ दिख रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 और 2023 के बीच शीर्ष 7 शहरों में लगभग 28.27 लाख इकाइयाँ बेची गईं, जबकि नई लॉन्चिंग 29.32 लाख इकाइयों से अधिक थी। शीर्ष 7 शहरों में आवासीय संपत्ति की कीमतों में भी मांग आधारित महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले दशक में, इन शहरों में आवास की औसत कीमतें 25-60 प्रतिशत के बीच बढ़ी हैं।

नारेडको के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा पिछले दशक में भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावशाली ढंग से वैश्विक स्तर पर 5वें स्थान पर पहुंच गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगातार तीन वर्षों से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है, जो एक संकुचनशील वैश्विक आर्थिक माहौल में आशा की किरण है। 2030 तक बाजार का आकार एक लाख करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है, जो 2021 में 200 अरब डॉलर से अधिक है। इस बाजार का आकार 2025 तक भारत की जीडीपी में 13 प्रतिशत योगदान देने की उम्मीद है, जिससे यह क्षेत्र आर्थिक विकास, रोजगार और में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन जाएगा।

रिपोर्ट में पाया गया है कि हाउसिंग इन्वेंटरी पिछले 10 वर्षों में महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई है। शीर्ष 7 शहरों में इकाइयों के पूरा होने में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, खासकर महामारी के बाद।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, रेरा की शुरुआत से लेकर आज तक राज्यों में लगभग 1.23 लाख रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं, और देश भर में 1.21 लाख से अधिक उपभोक्ता शिकायतों का समाधान किया गया है।

# सिंगापुर में फोनपे के जरिये होगा यूपीआई भुगतान

नयी दिल्ली। सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड और फोनपे ने दो साल के लिए एक समझौता किया है जिसके तहत अब फोनपे के उपयोगकर्ता सिंगापुर में यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे।

कंपनी ने आज यहां बताया कि सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड की मुख्य कार्यकारी मेलिसा ओउ और फोनपे के लिए अंतर्राष्ट्रीय पेमेंट बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रितेश पई ने इस संबंध में करार पर हस्ताक्षर किये हैं। यह सहयोग भारत और सिंगापुर के बीच मौजूदा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लिंकेज पर आधारित है जो ग्राहकों को अपने मौजूदा भारतीय बैंक खातों से सीधे दोनों देशों के बीच सीमा पार लेनदेन करने की सुविधा देता है।




इस साझेदारी के तहत सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड और फोनपे प्रमुख पर्यटन स्थलों को प्रोमोट करने और वहां यूपीआई के जरिए सुचारू पेमेंट सुविधा देने के लिए भारत और सिंगापुर में मार्केटिंग के लिए मिलकर निवेश करेंगे। यह साझेदारी किसी डेस्टिनेशन और यूपीआई पेमेंट प्लेटफॉर्म के बीच अपनी तरह का पहला प्रयास है। ये सिंगापुर के शहरों की यात्रा करने वाले यात्रियों के अनुभव को और शानदार बनाने के लिए है। इस करार के जरिए सिंगापुर जाने वाले यात्री अपने फोनपे ऐप का वहां भी इस्तेमाल कर सकेंगे और यात्रा के दौरान यूपीआई पेमेंट जैसी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

ओउ ने कहा, हम भारत की अग्रणी फिनटेक कंपनी फोनपे के साथ अपने गठबंधन की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह साझेदारी परिष्कृत, तकनीक-प्रेमी ग्राहकों के लिए सिंगापुर दौरे के अनुभव को बेहतर बनाने के हमारे समर्पण का एक उदाहरण है। हमारा उद्देश्य सिंगापुर की असाधारण सेवाओं को डिजिटल क्षेत्र के साथ एकीकृत करते हुए, लोकप्रिय स्थलों की यात्रा, खुदरा खरीदारी से लेकर भोजन और नाइटलाइफ़ तक उपभोक्ताओं के पेमेंट के विभिन्न प्रकारों में अधिक अनुशासन लाना है। यह पहल ट्रैवल इंडस्ट्री में नवाचार और ग्राहकों की सुविधा पर फोकस करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

पई ने कहा सिंगापुर अपनी अनूठी पेशकशों के साथ एक डायनैमिक डेस्टिनेशन है जिसे भारतीय यात्रियों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है।

इस साझेदारी से फोनपे यूजर्स के लिए लेनदेन में आसानी होगी। ये अब वहां का दौरा करते समय क्यूआर कोड को स्कैन करके सीधे अपने मौजूदा बैंक खाते से पेमेंट कर सकते हैं।

## दीपक मेहरोत्रा आकाश एज्युकेशनल सर्विसेज के एमडी एवं सीईओ नियुक्त

नयी दिल्ली। आकाश एज्युकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने श्री दीपक मेहरोत्रा को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह फैसला एईएसएल के लिये एक ऐसे महत्वपूर्ण समय में लिया गया है, जब कंपनी ने लगातार नये-नये आविष्कार करना जारी रखा है और शैक्षणिक सेवाओं के प्रतिस्पर्द्धी परिदृश्य में अपनी पेशकशों का दायरा बढ़ाया है। मेहरोत्रा के पास एफएमसीजी, टेलीकॉम और शिक्षा जैसे उद्योगों में एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड है। कार्यकारी भूमिकाओं में 35 वर्षों से ज्यादा का अनुभव रखने वाले मेहरोत्रा के पास बेहतर अनुभव है जिससे वह एईएसएल के सपने को आगे बढ़ा सकेंगे।

# एचआरए दावों से संबंधित मामलों को फिर से खोलना निराधार : आयकर विभाग

नयी दिल्ली । आयकर विभाग ने आवास भत्तों (एचआरए) दावों से संबंधित मामलों को फिर से खोलने से संबंधित मीडिया पोस्टों को निराधार बताते हुये आज कहा कि करदाता द्वारा दायर की गई और आयकर विभाग के पास उपलब्ध जानकारी के बेमेल होने के कुछ मामले डेटा के सत्यापन के नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में विभाग के ध्यान में आए हैं।

विभाग ने इस संबंध में स्पष्टीकरण जारी करते हुये कहा कि ऐसे मामलों में, विभाग ने करदाताओं को सचेत किया है ताकि वे सुधारात्मक कार्रवाई कर सकें। हालाँकि, सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट, साथ ही मीडिया में लेखों ने उन मामलों में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा शुरू की गई पूछताछ पर प्रकाश डाला है जहां कर्मचारियों ने एचआरए और किराए के भुगतान के गलत दावे किए हैं।




शुरुआत में यह कहा गया है कि इन मामलों पर पूर्वव्यापी कराधान और एचआरए दावों से संबंधित मुद्दों पर मामलों को फिर से खोलने के बारे में कोई भी आशंका पूरी तरह से निराधार है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कर्मचारी द्वारा भुगतान किए गए किराए और प्राप्तकर्ता द्वारा किराए की प्राप्ति के बीच बेमेल के कुछ उच्च मूल्य वाले मामलों में डेटा विश्लेषण किया गया था। यह सत्यापन बड़ी संख्या में मामलों को दोबारा खोले बिना कम संख्या में मामलों में किया गया था, खासकर जब से वित्त वर्ष 2020-21 (आंकलन वर्ष 2021-22) के लिए अद्यतन रिटर्न संबंधित करदाताओं द्वारा केवल 31 मार्च 2024 तक ही दाखिल किया जा सकता था। इसमें कहा गया है कि ई-सत्यापन का उद्देश्य दूसरों को प्रभावित किए बिना केवल वित्त वर्ष 2020-21 के लिए जानकारी के बेमेल होने के मामलों को सचेत करना था। यह दोहराया गया है कि ऐसे मामलों को फिर से खोलने के लिए कोई विशेष अभियान नहीं है, और मीडिया रिपोर्टों में आरोप लगाया गया है कि विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर मामले फिर से खोले जा रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत हैं।

## शार्ट न्यूज

### माउंट एवरेस्ट को फतह करेंगी रमा ठाकुर

मनाली। हिमाचल में पिछले 17 सालों से पर्वतारोहण के क्षेत्र में कई सफलताएं हासिल कर चुकी मनाली की रमा ठाकुर अब इसी कड़ी में माउंट एवरेस्ट को फतह कर महिला सशक्तिकरण का संदेश देने जा रही है। रमा ठाकुर अगले माह से माउंट एवरेस्ट को फतह करने के लिए मनाली से रवाना होंगी। रमा ठाकुर की इस सोच के आड़े धन की कमी आ रही है। रमा अपने सभी प्रयासों के बाबजूद अभी तक माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए नेपाल सरकार को रॉयल्टी के रूप में दी जाने वाली 23 लाख की रकम नहीं जुटा पाई हैं। मनाली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए रमा ने कहा कि उन्होंने सभी संस्थाओं के अनुरोध किया है कि इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने का जो बीड़ा उन्होंने उठाया है उसमें उनका सहयोग करें। ताकि वह अपने इस उद्देश्य में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना चाहती हैं ताकि समाज और दुनिया को यह प्रमाणित कर सकें कि किसी भी उम्र की महिलाएं अगर ठान लें तो कुछ भी कर सकती हैं। रमा ठाकुर 2007 में 17353 फुट ऊंची फ्रेंडशिप पीक, 2011 में 22280 फुट ऊंची लियो पुर्ज्ञाल को चढ़ते हुए 19400 फुट की ऊंचाई तक पहुंची थी जबकि एक टीम लीडर के तौर पर 2019 में 20050 फुट ऊंची युनाम पीक 2021 में 13780 फुट ऊंची चोटी खानपरी टिब्बा, 2022 में 19688 फुट ऊंची चोटी देऊ टिब्बा, और 2023 में 19341 फुट ऊंची किलिमंजारो पर फतह हासिल की है।

### दिल्ली कैपिटल्स की टीम में हैरी ब्रूक की जगह लेंगे लिजाड विलियम्स




नयी दिल्ली। अपनी दादी के निधन के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से नाम वापस लेने वाले हैरी ब्रूक की जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है। विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला आईपीएल सत्र है। ऐसा माना जा रहा है कि विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिलेगी। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज विलियम्स ने 83 टी-20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी-20 मैच खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम हिस्सा थे और उन्होंने बंगलादेश के खिलाफ मैच भी खेला था। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

### सुमित नागल ने दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया, की जबरदस्त वापसी

मोंटे कार्लो। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के जरिये एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर हैं। नागल ने तीसरी बार शीर्ष 50 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया है, जबकि इस सत्र में इस स्तर के खिलाड़ी पर उनकी ऐसी दूसरी जीत है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर बुलबिक को हराया था। इससे पहले उन्होंने मार्च 2021 में चिली के क्रिस्टियन गैरिन को अर्जेंटीना ओपन में हराया था। अपने से उच्च रैंकिंग खिलाड़ियों को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करने वाले नागल ने क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में इस जीत के साथ कॅरिअर में पहली बार 80 रैंकिंग तक पहुंचना सुनिश्चित कर लिया है। फिलहाल वह दुनिया में 95वें नंबर के खिलाड़ी हैं।

### मयंक यादव की चोट गंभीर नहीं

इस सीजन आईपीएल की सबसे तेज गेंद फेंकने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के पेसर मयंक यादव सोमवार को चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए। लखनऊ में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मयंक एक ओवर की फेंक सके। गुजरात टाइटंस की इनिंग्स में मयंक के इकलौते ओवर में 13 रन आए। LSG के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या ने कहा, युवा तेज गेंदबाज मैदान से बाहर आने के बाद ठीक लग रहे थे। क्रुणाल मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में बोले, मैंने मयंक के साथ बातचीत की और वह ठीक लग रहे थे, जो एक टीम के लिए पॉजीटिव बात है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मयंक पसली में खिचाव और चोट के कारण बाहर चले गए। इस सीजन मयंक इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में करियर के पहले दो मैचों में लगातार दो प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले पहले क्रिकेटर बने। मयंक ने इस सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में डेब्यू किया और 150 किमी प्रति घंटे की स्पीड को आसानी से पार कर लिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में, उन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट लिए और 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी भी की, जो इस सीजन की सबसे तेज गेंद है।

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत




पेरिस। पेरिस के पूर्वी हिस्से में एक आठ मंजिला इमारत में आग लगने से रविवार को तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। फ्रांसीसी समाचार चैनल बीएफएमटीवी के मुताबिक पेरिस के 11वें प्रांत में 146 रुए डे चारोन स्थित इमारत में आग रात करीब आठ बजे लगी। समाचार चैनल ने कहा कि पेरिस अग्निशमन दल की सत्रह दमकल गाड़ियाँ घटनास्थल पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। फ्रांसीसी अखबार ले पेरिसियन ने बताया कि प्रारंभिक संकेतों से पता चलता है कि आग लगने से पहले शाम को एक विस्फोट सुना गया था, लेकिन विस्फोट का कारण अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस ने गैस विस्फोट की संभावना से इनकार नहीं किया है। घटना की आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है।

### बाजार में विस्फोट से दो लोगों की मौत , 10 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के एक बाजार क्षेत्र में रविवार रात हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना स्थानीय समय रात करीब 9: 40 बजे की है जब प्रांत के खुजदार जिले में एक मोटरसाइकिल में लगाए गए एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट हो गया। सूत्रों ने कहा, जिले में नियमित गश्त पर निकला एक पुलिस वाहन स्पष्ट रूप से निशाने पर था, जो कुछ सेकंड से चूक गया और विस्फोट होने पर वह उस क्षेत्र को पार कर पाया था। हमले में पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना स्थल के पास ईद-उल-फितर के आगामी त्योहार के लिए खरीदारी कर रहे नागरिक हमले में मारे गए और घायल हो गए।

# महिला हॉकी राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 खिलाड़ियों की घोषणा




बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने सोमवार को राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की है। आज यहां हॉकी इंडिया की ओर से की गई घोषणा के अनुसार यह 33 सदस्यीय टीम बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में 16 मई तक प्रशिक्षण करेगी और भविष्य के कोचिंग शिविरों और अंतरराष्ट्रीय दौरों में हिस्सा लेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम इस वर्ष के आखिर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन के साथ एंटवर्प और लंदन में मुकाबला करेगी।

इस अवसर पर हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हरमन क्रूज ने कहा कि 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उपयोग देश भर से सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के चयन के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह कोच और चयनकर्ताओं ने भारतीय महिला हॉकी टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता वाले 33 खिलाड़ियों का चयन किया है। अब हमारे पास एक मजबूत टीम है जो आगामी अंतरराष्ट्रीय दौरों और एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में हिस्सा लेगी।

**टीम इस प्रकार है: -**

गोलकीपर : - सविता, बिचू देवी खारिबाम, बंसारी सोलंकी और माधुरी किंडो।

डिफेंडर : - निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री और प्रीति।

मिडफील्डर : - सलीमा टेटे, मरीना लालरामनघाकी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, अजमीना कुजूर और निशा।

फॉरवर्ड : - मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया और रुतुजा दादासो पिसल।

### भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच और टॉटनहम खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन

लंदन। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कोच एवं इंग्लैंड के टॉटनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी जो किन्नेयर का निधन हो गया है। आयरलैंड के किन्नेयर भारत, नेपाल, विंबलडन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों के कोच रहे थे। किन्नेयर के परिजनों ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। परिजनों की ओर से जारी किये गये एक बयान में कहा गया, हमें यह बताते हुए बेहद दुख हो रहा है कि किन्नेयर का आज दोपहर परिवार के बीच निधन हो गया।वह डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित थे। उन्होंने आयरलैंड के लिए 26 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। टॉटनहम फुटबॉल क्लब ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पूर्व खिलाड़ी जो किन्नेयर के निधन के बारे में सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है। इस अविश्वसनीय दुखद समय में क्लब उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हैं।

### श्याम लाल कॉलेज ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 5-2 से हराया



नयी दिल्ली। श्याम लाल कॉलेज ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को 5-2 से हराया।

श्याम लाल कॉलेज की ओर से आशीष ने दो गोल, दीपक मोहित और आशीष गुप्ता ने एक-एक गोल किया। खालसा की ओर से विपिन नंदलाल और अल्ताफ ने एक एक गोल दागे। श्याम लाल कॉलेज के ललित को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड से नवाजा गया।

वहीं एक अन्य मुकाबले में श्री राम कॉलेज आफ कामर्स ने किरोड़ीमल कॉलेज को 2-1 से हराया। श्रीराम कॉलेज की तरफ से विभांसु और लखन ने एक-एक गोल किए जबकि किरोड़ीमल कॉलेज की तरफ से विजय ने एक गोल दागा। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के खिलाड़ी लखन को मिला।

महिला वर्ग के पहले मैच में इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन स्पोर्ट्स साइंसेज ने भारती कॉलेज को 8-0 से हराया। पिंकी ने तीन, कंचन ने दो, नेहा सिंह, नेहा रानी और शालिनी ने एक एक गोल किए। वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड इंदिरा गांधी कॉलेज की पिंकी को मिला।

अन्य मुकाबले में दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने विवेकानंद कॉलेज को 2-1 से हराया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई की ओर से सुनीता ने दो गोल और विवेकानंद कॉलेज की ओर से प्रेरणा ने एक गोल किया। सुनीता को वूमेन ऑफ द मैच का अवार्ड से नवाजा गया।

### टी-20 विश्वकप क्वालीफायर के समापन के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर पर फैसला : अटापट्टू




लंदन। श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू अगले महीने टी-20 विश्वकप क्वालीफायर के समापन के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भविष्य पर फैसला लेंगी। अटापट्टू ने पूर्वी लंदन में कहा, मैंने अभी भी संन्यास का फैसला नहीं लिया है, जहां श्रीलंका कल तीन एकदिवसीय मैचों की पहली श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका से खेलेगा। उन्होंने कहा, हम इसके बारे में बाद में बात कर सकते हैं। फिलहाल, मेरा ध्यान दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय और विश्वकप क्वालीफायर पर है। भविष्य में देखेंगे। उन्होंने रविवार को एक तस्वीर पोस्ट की और आंख मारते इमोजी के साथ लिखा, डीआरएस की समीक्षा करें। उन्होंने कहा, कुछ निर्णय बहुत कठिन होते हैं। लेकिन जीवन में कभी न कभी हमें ऐसे निर्णय लेने ही पड़ते हैं।

## अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हराया




ह्यूस्टन। कप्तान मोनांक पटेल 50 रन और एंड्रीस गौस के 50 रनों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर अमेरिका ने पहले टी-20 मुकाबले में कनाडा को छह विकेट से हरा दिया है।

अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान साद बिन जफर 29 रन और निकोलस किर्टन 27 रनों की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 132 रन बनाए। परगट सिंह 19 रन, एरोन जॉनसन 16 रन, हर्ष ठाकर 13रन बनाकर आउट हुये। एक समय कनाडा के 72 के स्कोर पर छह विकेट गिर गए थे। ऐसे समय में निचले क्रम में कप्तान साद बिन जफर ने 16 गेंद पर ताबड़तोड़ 29 रन बनाकर टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 21 रन देकर तीन विकेट लेने वाले नोस्टुश केनजिगे को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

अमेरिका ने 133 रनों के लक्ष्य को 17.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। अमेरिका के स्टीवन टेलर ने 22 रन बनाये। कप्तान मोनांक पटेल ने 34 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा एंड्रीस गौस ने भी 35 गेंद पर पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन बनाये। एरोन जोन्स तीन रन बनाकर आउट हुये। मिलंद कुमार चार और गजानंद सिंह एक रन बनाकर नाबाद रहे।

कनाडा की ओर से डिलन हेइलिगर ने दो विकेट लिये। निकोलस किर्टन और साद बिन जफर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# गाजा के खान यूनिस से पीछे हटी इजराइली सेना

### लोग बोले- यहां सिर्फ मलबा; इजराइली डिफेंस मिनिस्टर ने कहा- अब राफा में अटैक करेंगे



गाजा/तेल अवीव। इजराइली सेना साउथ गाजा के खान यूनिस शहर से पीछे हट गई है। इजराइली सेना ने इजराइली मीडिया हारेत्ज से कहा, हमने सेना को वापस बुला लिया है। अब वहां सेना की जरूरत नहीं है। हमने वहां हजारों हमास आतंकियों को मार गिराया है। अब विस्थापित हुए लोग वापस जा सकते हैं।

वहीं, इजराइली के रक्षा मंत्री योव गैलेंट का कहना है कि इजराइली सैनिक खान यूनिस से हटने के बाद, राफा शहर में जमीनी हमले की तैयारी कर रहे हैं। यहां जंग शुरू होने के बाद से हवाई हमले हो रहे थे। अब सैनिक शहर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे।

अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइल की सेना ने खान यूनिस पर 4 महीने पहले हमला किया था। वहीं, शहर लौटे लोगों का कहना है कि चारों तरफ सिर्फ मलबा दिखाई दे रहा है।

सेना के पीछे हटने के बात खान यूनिस लौटीं माहा थाएर ने न्यूज एजेंसी स्त्रक्को बताया, यहां शहर तो बचा ही नहीं है, सिर्फ मलबा है। मैंने कुछ लोगों को मलबे से लाशों को निकालते देखा, यहां खून की बदबू है। मैं खुद को रोने से नहीं रोक पाई। सब तबाह हो गया।

#### राफा में फिलहाल 15 लाख फिलिस्तीनी

कतर के मीडिया हाउस अल जजीरा के मुताबिक, राफा में इस वक्त करीब 15 लाख लोगों हैं। इनमें ज्यादातर वो लोग हैं जो इजराइली हमले शुरू होने के बाद गाजा के अलग-अलग हिस्सों से भागकर यहां पनाह लेने पहुंचे।

इजराइल डिफेंस फोर्सेस का दावा है कि गाजा के राफा इलाके में हमास की चार बटालियन मौजूद हैं और IDF इन्हें खत्म करके रहेगी। इसके बाद राफा के इलाके को खाली कराया जाएगा।

सेना ने कहा है कि हमारी कोशिश है कि वहां जो भी सिविलियन्स मौजूद हैं, उन्हें नुकसान न पहुंचे।

#### 6 महीने में 33 हजार से ज्यादा मौतें

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। 1200 लोगों की मौत हुई थी। हमास ने दावा किया था कि उसने इजराइल पर 5 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे। कुछ घंटों बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान कर दिया।

जंग को 6 महीने हो गए हैं। गाजा में 33 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। इसमें 13 हजार से ज्यादा बच्चे हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हर दिन करीब 180 लोगों की मौत हो रही है। 75 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। वहां भुखमरी के हालात भी हैं।

#### अल-अक्सा फ्लड के खिलाफ इजराइल का ऑपरेशन सोर्ड्स ऑफ आयरन

हमास ने इजराइल पर 7 अक्टूबर को हमला किया था। उसने इजराइल के खिलाफ अपने ऑपरेशन को अल-अक्सा फ्लड नाम दिया।

इसके जवाब में इजराइल की सेना ने हमास के खिलाफ सोर्ड्स ऑफ आयरन ऑपरेशन शुरू किया। हमास के सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ ने कहा था- ये हमला यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है।

### कम्बोडिया: मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो गिरफ्तार

नोम पेन्ह। कम्बोडिया ने अवैध दवाओं के रूप में मादक पदार्थ रखने और उनकी तस्करी करने के आरोप में दो स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 17 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किये हैं। देश के ड्रग-विरोधी विभाग (एडीपी) ने सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर गत शुक्रवार को नोम पेन्ह के रूसी केओ जिले में दो स्थानों पर छापे के दौरान एक पुरुष (43) और एक महिला (42) को पकड़ा गया। उन्होंने कहा, कार्रवाई के दौरान दोनों के कब्जे से कुल 17.1 किलोग्राम क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, एक्स्टसी और केटामाइन जब्त किया गया। एडीपी ने कहा कि देश के कानून के तहत, 80 ग्राम से अधिक अवैध दवाओं की तस्करी का दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। एडीपी के अनुसार, कंबोडिया ने इस साल जनवरी-मार्च अवधि के दौरान 2,280 मामलों में 5,489 नशीली दवाओं से संबंधित संदिग्धों को पकड़ा तथा 3.65 टन नशीले पदार्थ जब्त किए। जब्त की गई अधिकांश दवाएं केटामाइन, क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, मेथमफेटामाइन टैबलेट, हेरोइन, एक्स्टसी और कोकीन थीं।

### लाल सागर में हूती हमलों से चीन से यूरोप के बीच मालपरिवहन की लागत हुई दोगुनी

ब्रुसेल्स। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा किये लाल सागर में किये जा रहे हमलों के बीच चीन से यूरोप तक एक कंटेनर की शिपिंग की लागत दोगुनी और जहाजों को अन्य मार्गों पर चलाने के कारण बीमा दरों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल सोमवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने लाल सागर में समुद्री सुरक्षा बनाए रखने के लिए यूरोपीय संघ के हाल ही में लॉन्च किए गए 'एस्पाइड्स मिशन' को समर्पित एक कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा, हूती विद्रोहियों के समुद्री यातायात पर हमलों की वजह से केप ऑफ गुड होप के आसपास मार्गों को डायवर्ट किया जाना है... जिससे उनकी यात्रा को 10 से 14 दिन अधिक लगेंगे। चीन से यूरोप तक परिवहन किए गए कंटेनर की लागत दोगुनी हो गई है.. और शिपिंग के लिए बीमा में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हूतियों ने नवंबर 2023 में गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद करने तक इज़रायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी। इसके चलते अमेरिका को दिसंबर में लाल सागर में नेविगेशन को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय अभियान की घोषणा करनी पड़ी। अमेरिकी और ब्रिटेन की सेनाओं ने वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की उनकी क्षमता को कम करने के लिए हूती के ठिकानों पर कई हमले किए हैं।

### नाइजीरिया में सैन्य हवाई हमलों में कई संदिग्ध बंदूकधारी मारे गए

अबुजा। नाइजीरिया के उत्तरी हिस्से में नाइजीरियाई सैनिकों की ओर से सप्ताहांत में किए गए हवाई हमलों में कई संदिग्ध बंदूकधारी मारे गए। वायु सेना ने यह जानकारी दी है। नाइजीरियाई वायु सेना के प्रवक्ता एडवर्ड गैबक्वेट ने सोमवार को कहा,उत्तरी राज्यों कैटसिना और बोर्नो में संदिग्ध आतंकवादियों को उनके ठिकानों से उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से किए गए क्रूर हवाई हमलों में कई अन्य बंदूकधारी गंभीर रूप से घायल हुआ। बयान में कहा गया है,सफल हवाई हमलों की श्रृंखला ने आतंकवादियों को आसान लक्ष्यों, विशेषकर निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने के उद्देश्य से आंदोलन की स्वतंत्रता से वंचित कर दिया। बयान के अनुसार, पिछली खुफिया जानकारी से पता चला था कि बोर्नो राज्य के ग्वोज़ा स्थानीय सरकारी क्षेत्र में ग्राज़ा, जिसे पहले संदिग्ध आतंकवादियों के लिए एक ठिकाने के रूप में जाना जाता था, को एक रसद भंडारण केंद्र और उनके तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों और अन्य गोला-बारूद के निर्माण के लिए एक क्षेत्र में बदल दिया गया था। हाल की सैन्य खुफिया जानकारी से स्थान पर कुछ अस्थायी संरचनाओं के आसपास आतंकवादियों के व्यवहार के अनुरूप महत्वपूर्ण आतंकवादी गतिविधियों का भी पता चला है। बयान में कहा गया,आतंकवादियों के ठिकानों में गहराई तक किए गए ये अभियान जारी रहेंगे।

# मोजाम्बीक में नाव डूबी, 96 की मौत

एजेंसी

ईस्ट अफ्रीकी देश मोजाम्बीक में रविवार देर रात एक नाव समुद्र में डूब गई। हादसे में 96 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

बीबीसी के मुताबिक मछली पकड़ने वाली नाव पर 130 लोग सवार थे, जो इसकी क्षमता से ज्यादा थे। 5 लोगों को बचाया जा सका, जबकि कई लापता हैं। इनकी तलाश जारी है।

लोकल मीडिया रेडियो मोजाम्बीक के मुताबिक नाव नामपुला प्रांत स्थित मोजाम्बीक आईलैंड के पास समुद्र में डूबी। नामपुला के सेक्रेटरी जैमे नेटो ने बताया कि नाव मोसुरिल से निकलकर मोजाम्बीक आईलैंड जा रही थी। इस पर सवार सभी लोग हैजा की बीमारी से बचने के लिए पलायन कर रहे थे।

सोशल मीडिया पर घटना से जुड़े वीडियो वायरल हो रहे हैं, इनमें लोगों को रेस्क्यू करते और समुद्र के किनारे कई लाशों को देखा जा सकता है।

#### 15 महीने में मोजाम्बीक में हैजा के 13 हजार से ज्यादा केस सामने आए

हैजा बीमारी जनवरी 2023 से अफ्रीका के कई देशों में फैली है। मोजाम्बीक का नामपुला प्रांत इससे सबसे ज्यादा प्रभावित प्रांतों में से एक है।

हैजा फैलने का मुख्य कारण दूषित खाना और पानी है। इसमें उल्टी-दस्त की समस्या होती है, जिससे डिहाइड्रेशन की स्थिति पैदा हो जाती है और समय पर इलाज न हो तो कुछ ही घंटों में मौत भी हो सकती है।

UNICEF के मुताबिक, मौजूदा प्रकोप 25 साल का सबसे खतरनाक है। अक्टूबर 2023 से अब तक मोजाम्बीक में हैजा के 13,700 मामले सामने आए हैं। 30 लोगों की मौत हुई है।

लगभग 400 साल तक, मोजाम्बीक द्वीप पुर्तगाली पूर्वी अफ्रीका की राजधानी रहा। यह द्वीप अपने कोलोनियल आर्किटेक्चर के लिए UNICEF की विश्व धरोहर स्थलों की लिस्ट में शामिल किया गया है।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, 10 घायल

काबुल। पूर्व अफगानिस्तान के लघमन प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और अन्य दस घायल हो गये। स्थानीय मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज ने सोमवार को यह सूचना दी। स्थानीय टीवी ने सूचना एवं संस्कृति के प्रांतीय निदेशक अब्दुल नूर रासुली के हवाले से आज बताया कि घटना प्रांत के दौलत शाह जिले के बाहरी क्षेत्र में हुयी। इसी तरह, दक्षिण अफगानिस्तान में शनिवार को दो अन्य सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गये थे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तेज रफ्तार वाहन और टूटी-फूटी सड़कों के कारण हर साल सैंकड़ों लोग जान से हाथ धोते हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे छत्रपति शिवाजी और बाला साहब ठाकरे का सपना : योगी

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भंडारा (महाराष्ट्र) में जनसभा को किया संबोधित



भंडारा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि छत्रपति शिवाजी और बाला साहब ठाकरे के सपनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जिसे पहले उपद्रव प्रदेश कहा जाता था, आज वहां कानून का राज स्थापित हो चुका है। दंगा करने वाले दंगा करना भूल चुके हैं क्योंकि उन्हें पता है कि दंगा किया तो उलटा लटका दिये जाएंगे। हमने जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर तुष्टिकरण नहीं जनता की संतुष्टि के आधार पर काम किया है। योगी आदित्यनाथ सोमवार को यहां भंडारा-गोंदिया लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी सुनील मेंढे के प्रचार अभियान की कमान संभालते हुए विशाल जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मध्यकाल में जब यह देश मुगल आक्रांताओं की कुदृष्टि से त्रस्त था तो महाराष्ट्र में एक शक्तिपुंज के रूप में छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज की स्थापना करते हुए पूरे हिन्दुस्तान को एक नई ज्योति और नई ऊर्जा दी। महाराष्ट्र से निकले उस तेज की आज भी पूरे देश में गूंज है। प्रत्येक भारतवासी के मन में छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रति अपार श्रद्धा का भाव है। जब भी भारत में राष्ट्रीयता की बात होती है तो छत्रपति शिवाजी को लेकर हर भारतीय गर्व की भावना से भर जाता है। इसी भाव को जमीनी धरातल पर उतारने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व यूपी में बहुत उत्साह से मनाया जाता है। हमारे यहां होली में गांव गांव में गीत गये जाते हैं कि %होली खेले रघुबीरा, अवध में होली खेले...% यानी भगवान राम अयोध्या में होली खेल रहे हैं। 500 साल से अयोध्या में श्रीराम ने होली नहीं खेली। पहली बार इस साल अयोध्या में श्रीराम ने अवध में होली खेली। यही सपना था छत्रपति शिवाजी का। इसी सपने को साकार करने के लिए बाला साहब ठाकरे जी ने पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। बाला साहब के सपने को साकार करने के लिए मोदी सरकार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिन मूल्यों के लिए बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर जी ने देश के संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को नई दृष्टि दी थी, वही भाव आज भी एनडीए सरकार के कार्यों में परिलक्षित होता है। यूपी में आप देख रहे हैं कि वहां किस प्रकार का माहौल है। उसके बारे मे कहा जाता था कि वो उपद्रव प्रदेश है, वहां हर दूसरे दिन दंगे हुआ करते थे, महीनों तक कर्फ्यू लगा करते थे। आज वहां उत्सव और महोत्सव हो रहे हैं, कर्फ्यू की जगह कांवड़ यात्रा निकल रही है। दंगा करने वाले दंगा करना भूल गये हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि दंगा करेंगे तो उलटा टांग दिये जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर शासन नहीं किया बल्कि कानून का राज स्थापित किया। हमने तुष्टिकरण के आधार पर नहीं बल्कि हर भारतवासी के संतुष्टि के आधार पर कार्य किया, जिसका आधार था मोदी जी का मंत्र, सबका साथ सबका विकास।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में भारत का मान बढ़ा है। इंग्लैंड के अखबार दि गार्जियन ने लिखा है कि दो साल पहले पाकिस्तान में 20 दुर्दांत आतंकवादी मारे गये। ये सच है कि आज कोई भारत की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता। हाल ये है कि किसी बारूद के गोदाम में गलती से विस्फोट भी हो जाए तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देने लगता है कि इसके पीछे हमारा कोई हाथ नहीं। उसे पता है कि पहले से बता देना उचित है, वरना कहीं एयरस्ट्राइक न हो जाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारें दम से चलती हैं और वह दम दिखाया है मोदी जी ने। बिना झुके, बिना डिगे और बिना रुके 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानते हुए देश को वर्ल्ड पॉवर बनाने के लिए जुटे हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने गरीब कल्याण योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी यही चाहते थे कि हमारे देश पर हमारा शासन हो, किसी विदेशी का नहीं। योगी ने भंडारावासियों को अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप अयोध्या आएंगे तो ऐसा लगेगा जैसे त्रेता युग की अयोध्या में आ गये हैं। काशी का दर्शन करेंगे तो लगे कि हमारा देश स्वतंत्र है, क्योंकि हमने अपनी आस्था को सम्मान दिया है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले हमने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण किया और बाबा साहेब के पंचतीर्थों को सम्मान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में बिना भेद भाव के योजनाओं को कैसे बढ़ाया जाए, बीते 10 साल इसका जीता जागता उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, युवा और महिलाएं यही चार जातियां हैं और इनको ही ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी अपना घोषणापत्र ज्ञान बना रही है।

इस अवसर पर विधायकगण राजू, विजय, पूर्वमंत्री परिणय फुके, नानाभाऊ, राजेन्द्र जैन के अलावा भाजपा, एनसीपी, शिवसेना और आरपीआई के वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे।

# सत्ता के अहंकार में जनता जनार्दन की अनदेखी करने वाले बीजेपी सांसद को मिलेगी मात: दीपेंद्र हुड्डा

## वोट लेने के बाद सांसद ने नहीं ली इलाके की सुध, ना संसद में आवाज उठाई, ना सांसद निधि खर्च की

ललित कुमार गोठवाल



(बहादुरगढ़) झज्जर। सत्ता के अहंकार में जनता जनार्दन की अनदेखी करने वाले बीजेपी सांसद को इसबार करारी मात का सामना करना पड़ेगा। लोगों के मन पर टीस है कि मौजूदा सांसद ने 5 साल में कभी इलाके की सुध नहीं ली। वोट लेने के बाद उन्होंने कभी मुड़कर अपना चेहरा नहीं दिखाया। ना ही उन्होंने कभी लोकसभा में रोहतक की आवाज नहीं उठाई। यहां तक कि मौजूदा सांसद ने अपनी सांसद निधि तक विकास कार्यों पर खर्च करना जरूरी नहीं समझा। यह कहना है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का। दीपेंद्र हुड्डा बहादुरगढ़ में 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत लोगों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने दुकानों व घरों में जाकर जनता से संवाद किया।

इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जनता इस बार बदलाव का मन बना चुकी है। लोकसभा चुनाव में इस बार सत्ता के अहंकार की नहीं बल्कि जनता के प्रति समर्पण की जीत होगी। इसबार खोखले दावों की नहीं बल्कि जमीन पर हुए विकास की जीत होगी। बीजेपी के पास गिनवाने के लिए कोई काम नहीं है, जबकि 10 साल से विपक्ष में होते हुए भी कांग्रेस अपने विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रही है।

जेजेपी नेताओं द्वारा लगातार पार्टी छोड़ने के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद दीपेंद्र ने कहा कि यह तो अभी शुरुआत है। अपने चुनावी वादों को भूलकर भाजपा के साथ गठबंधन करने का खामियाजा जेजेपी को भुगतना पड़ेगा। इस पार्टी ने सत्ता के लालच में हरियाणा की जनता के 5 साल बर्बाद किए हैं, अब जनता की बारी है। जनता लोकतांत्रिक तरीके से वोट की ताकत से जेजेपी को पूरे हरियाणा में पटकनी देगी।

जनता इस बात को भी बखूबी समझती है कि बीजेपी के साथ जेजेपी का अंदरूनी गठबंधन आज भी जारी है। लेकिन दोनों दलों को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि वो जनता को बरगला लेंगे। लोगों ने जिस तरह बीजेपी के 75 पर के नारे धराशाही किया था, उसी तरह इसबार 400 पार के नारे की हवा निकालेंगे। 75 पार की बात करने वाली बीजेपी विधानसभा चुनाव में 40 सीटों पर सिमट गई थी। इसी तरह लोकसभा में 400 पर का नारा देने वाली बीजेपी सिर्फ 150 सीटों पर सिमट जाएगी। शायद इसका अंदेशा खुद बीजेपी को भी हो गया है। इसलिए वह विपक्षी नेताओं को जांच एजेंसी के झूठे मुकदमों के जरिए जेल में बंद कर रही है।

देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अकाउंट सील किए जा रहे हैं। बीजेपी सत्ताबल का इस्तेमाल करके चुनाव को प्रभावित कर रही है। लेकिन जनता बीजेपी की इस बौखलाहट को बखूबी समझ रही है और अपनी वोट के जरिए इसका मुंह तोड़ जवाब भी देगी।

# बादली में श्रीमद् भागवत कथा का धूमधाम से हुआ समापन

## हजारों श्रद्धालु पहुंचे भंडारे का आयोजन हुआ



ललित कुमार गोठवाल

बादली के आराध्य बाबा मोहनदास मंदिर परिसर में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आज समापन हुआ। इस दौरान बड़े स्तर पर यज्ञ हवन का आयोजन भी किया गया। इसमें सुहागिन महिलाओं व हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने यज्ञ में आहुति डाली। इस अवसर पर कथा व्यास पूर्ण देव ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और मन को शांति मिलती है इस दौरान मुख्य यजमान व समाजसेवी हवा सिंह मलिक रोहतास सिंह गुलिया रमलू सुनील कुमार गुलिया गुलाब सिंह गुलिया डीपी कौशिक व गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर यज्ञ में आहुति डाली और पुण्य कमाया। इस दौरान महिलाओं से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनना और सुनाना अच्छा लगता है और गांव की सुख शांति समृद्धि के लिए यज्ञ भी हुआ है। जिससे मन को आंतरिक शांति मिली है। वहीं युवाओं का कहना है की श्रीमद् भागवत कथा व अन्य धार्मिक आयोजन समय समय पर गांव में बड़े स्तर पर होने चाहिए ताकि सनातन धर्म की रक्षा हो सके। इस दौरान समाजसेवी हवा सिंह मलिक ने बताया कि सनातन धर्म की रक्षा का प्रण सभी युवाओं को लेना चाहिए और धार्मिक आयोजन समय-समय पर करते रहना चाहिए।

# ट्रेन की चपेट में आने से रेल कर्मी की मौत, पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम



गोण्डा। जिले के गोंडा-बस्ती रेल मार्ग पर मोतीगंज झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार सुबह बीसीएन मालगाड़ी की चपेट में आने से एक रेल कर्मी जो गैंगमैन का कार्य करता था उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना स्टेशन मास्टर मोतीगंज द्वारा मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह को दी गई तथा आरपीएफ इंस्पेक्टर मनकापुर उदयराज सिंह को दी गई।

सूचना पाते ही थानाध्यक्ष मोतीगंज व आरपीएफ के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मोतीगंज पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरपीएफ इंस्पेक्टर उदयराज सिंह ने बताया कि घटना सोमवार सुबह की है और आरपीएफ इंस्पेक्टर को सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा सुबह 4 बजकर 34 मिनट मिली। वहीं सूचना मोतीगंज थानाध्यक्ष को भी दी गई। सूचना मिलते ही मोतीगंज थानाध्यक्ष ने उप निरीक्षक त्रिपुरारी ओझा व अन्य पुलिसकर्मी के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और सूचना पाने पर आरपीएफ के भी उप निरीक्षक आनंद मोहन सिंह मय पुलिस बल के साथ पहुंचे। घटना मोतीगंज थाना क्षेत्र की पिकोरा गांव के निकट की है जो मोतीगंज थाना क्षेत्र में आता है। मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि मृतक का नाम राम सिंगर ट्रैकमैन के पद पर गैंग संख्या 20 में कार्यरत था, वहीं रेलवे विभाग के जेई रंजीत कुमार रंजन ने बताया कि घटना मालगाड़ी संख्या बीसीएन से हुई है जो गोंडा से गोरखपुर की तरफ जा रही थी मृतक राम सिंगर की उम्र 58 वर्ष बताई जा रही है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर उदयराज सिंह ने बताया कि मृतक के घर सूचना भेज दी गई है।

# स्कूलों में कॉपी-किताबों और मनमानी फीस के नाम पर मची लूट, जिम्मेदार मौन

## अभिभावकों का आरोप- निजी स्कूलों और दुकानदारों की है मिलीभगत

संवाददाता/गौरवशाली भारत

गोण्डा। नए शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने के साथ ही फीस से लेकर कॉपी-किताबों के नाम पर लूट का जमकर खेल शुरू हो गया है। निजी पब्लिक स्कूलों की लूट ने अभिभावकों को मुसीबत में डाल दिया है। मध्यम वर्गीय इंसान पर जब हजारों रुपये की कॉपी-किताबों का बोझ पड़ता है तो वह परेशान होकर रह जाता है। 40 वाली कॉपी 80 रुपये और 400 वाले जूते 800 रुपये में बिक रहे हैं।

1000 में मिलने वाला कॉपी और किताबों का कोर्स 3 से 6 हजार रुपये तक बेंचा जा रहा है। ढाई सौ रुपये वाली पैंट 500 और 200 रुपये वाली शर्ट 400 रुपये में बेची जा रही है। यही नहीं सिर्फ स्कूलों के चहेते दुकानदारों के पास से ही मनमाने रेट पर किताबें और ड्रेस मिल रही हैं। अप्रैल माह यानि अभिभावकों के लिए मुसीबतों का महीना। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही अभिभावकों का संघर्ष शुरू हो जाता है। स्कूल की फीस, यूनिफॉर्म और कॉपी-किताबों आदि का भारी भरकम खर्च अभिभावकों की जेब खाली कर रहा है। कई स्कूलों की ओर से किताबों की सूची तक दुकानदार ही दे रहे हैं। कॉपी-किताबों के इस सेट में कई ऐसी भी किताबें हैं, जो न कभी खोली जानी हैं और ना ही उनका पाठ्यक्रम से कोई सीधा नाता है। मनमानी की इस चक्की में अभिभावकों के पिसने के बावजूद अफसर चुप हैं। जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में सब कुछ होने के बाद भी ना तो इस पर अंकुश लग सका है ना ही कोई कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूल में वसूली जाती है अलग-अलग फीस

क्षेत्र में स्थित सभी कॉन्वेंट स्कूलों में अलग-अलग फीस वसूल की जाती है। यहां कोई भी ऐसा कान्वेंट स्कूल नहीं है जो माह में एक हजार से कम फीस वसूल करता हो। कई बड़े स्कूल तो ऐसे हैं जहां प्रति बच्चे 2100 से 3200 रुपये तक फीस प्रतिमाह वसूल की जाती है। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों में कान्वेंट स्कूल का बोर्ड लगाकर 1200 से 1500 रुपये प्रति बच्चे फीस वसूल की जा रही है।

### अभिभावकों की जेब खाली कर रहा पढ़ाई पर होने वाला खर्च

अहम बात यह है कि तमाम स्कूलों में स्कूल से ही ड्रेस, कॉपी, किताब समेत सभी स्टेशनरी का सामान भी खरीदना पड़ रहा है। इन स्कूलों में पढ़ाई हो या ना हो, लेकिन फीस की वसूली मनमानी की जा रही है। वहीं स्कूलों के एकाधिकार के चलते संबंधित स्कूल द्वारा अधिकृत विक्रेता के पास ही सामान मिलने से अभिभावकों को 15-20 प्रतिशत तक मिलने वाली छूट भी नहीं मिल पा रही है। मजबूरी में उन्हें अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही खरीदारी करनी पड़ रही है। पब्लिक हों या कॉन्वेंट स्कूल सभी की किताबों की अधिकतम खुदरा मूल्य ही अभिभावकों से वसूली जा रही है। बाजार में 40 रुपये एमआरपी पर 10 प्रतिशत डिस्काउंट पर मिलने वाली 36 रुपये की कॉपी के पुस्तक विक्रेता 80 रुपये वसूल रहे हैं।

फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी प्रैक्टिकल कॉपी 100 रुपये में दी जा रही है। इनकी वास्तविक कीमत 60 रुपये से अधिक नहीं है। कक्षा 7 की कंप्यूटर की किताब की कीमत 500 के पार पहुंच गई है। कुछ प्रकाशकों की गणित की किताब भी 500 रुपये से ज्यादा में मिल रही है। मध्यम वर्गीय अभिभावकों का कहना है कि बच्चे पढ़ाना भी बेहद जरूरी है लेकिन इस महंगाई में घर के बजट का बंटाधार हो जाता है।

### बाजारों से सरकारी किताबें गायब

कान्वेंट स्कूल प्रबंधनों के स्तर से किताबों का चयन किए जाने के कारण सरकारी किताबें बाजार से नया सत्र शुरू होने से पहले ही गायब हो गई हैं। इसकी वजह यह भी है कि यह किताबें दुकानदारों को प्रिंट रेट पर मिल रही हैं। इन किताबों को बेचने में दुकानदारों को कोई फायदा भी नहीं हैं इसलिए सरकारी किताबें बाजारों में नहीं दिखाई पड़ रही हैं। अगर सरकारी किताबें चला दी जाए तो अभिभावकों का बोझ कुछ हद तक कम हो जाएगा।

पीड़ित अभिभावकों का कहना है कि किसी को अभिभावकों की चिंता नहीं है।

विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबें लगानी चाहिए। जिससे किताबें भी आम आदमी के बजट में आ जाएगी।

एनसीईआरटी की किताबों से सवाल आते हैं तो फिर ये स्कूल वाले आखिर क्यों निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ा रहे हैं।

मामले में डीआईओएस से जानकारी करने के लिए उनके नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# विद्यालय में लगे चार हरे पेड़ों को चोरी से काटकर बेंचें जाने की शिकायत



कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय कोतवाली व शिक्षा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पाण्डेय चौरा के प्राथमिक विद्यालय में चार हरे पेड़ चोरी से काटकर बेंच दिए जाने का आरोप लगाते हुए प्रधानाध्यापक की शिकायत एसडीएम समेत अन्य उच्च अधिकारियों से की गई है। पाण्डेय चौरा पहली पुरवा निवासी राजेश सिंह का आरोप है कि तीन अप्रैल को दिन में 11 बजे अवैध तरीके से हरे सागौन के पेड़ को कटवाकर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार ने बेंच दिया। जबकि पेड़ सरकारी भूमि प्राथमिक विद्यालय में लगा था। इसकी शिकायत वनाधिकारी व उपजिलाधिकारी से की गई। जिस पर उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने जांच राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को सौंपते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार का कहना है कि अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए पतले सागौन के पेड़ काटे गए थे जो अधिकारियों के संज्ञान में था। लेखपाल सर्वेश कुमार तिवारी का कहना है कि जांच की गई तीन हरे पेड़ काटे जाने की पुष्टि हुई है, रिपोर्ट दी जा रही है। वन दरोगा अशोक पांडेय का कहना है कि जांच की गई है रिपोर्ट भेजी जा रही है।

### दीप प्रज्जवलन कर भारतीय नववर्ष का किया स्वागत

लखनऊ। हिन्दू कलेंडर के अनुसार भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर खाटूश्यामजी मंदिर पर हजारों की संख्या में दीप प्रज्वलित कर देश में सुख समृद्धि की कामना की गयी। नव वर्ष चेतना समिति द्वारा दो दिवसीय आयोजन में दीपदान एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगंतुकों ने आनन्द लिया। दीप प्रज्जवलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत नव वर्ष चेतना समिति के अध्यक्ष डा. गिरीश गुप्ता ने सोमवार को खाटू श्याम जी मंदिर प्रांगण में की। डा. गुप्ता ने बताया कि राजधानी लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर पिछले 15 वर्ष से करते आ रहे आयोजन को इस बार गोमती नदी तट पर स्थित खाटू श्याम जी मंदिर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वागत उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### भांवरकोल थाने पर पीस कमेटी की बैठक



गाजीपुर। थाना भांवरकोल पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगमी आने वाले त्योहार ईद उल फितर एवं नवरात्र को लेकर क्षेत्र के विभिन्न लोगों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में मौजूद अधिकारियों ने त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अतर सिंह नायब तहसीलदार थानाध्यक्ष भांवरकोल प्रमोद कुमार सिंह एवं विभिन्न गांव से आए ग्राम प्रधानों व संभ्रांत व्यक्तियों व धर्म गुरुओं के साथ आगामी त्यौहार ईद, नवरात्रि और अंबेडकर जयंती के संबंध में पीस कमेटी मीटिंग की गई ।

### बेरी में होने वाली जन आक्रोश रैली में पहुंचने पर निकाला छारा गांव से गाड़ियों का काफिला

ललित कुमार गोठवाल



बेरी में होने वाली जन आक्रोश रैली में पहुंचने पर निकाला छारा गांव से गाड़ियों का काफिला। बेरी में होने वाली जन आक्रोश रैली का आज कार्यक्रम आयोजित किया गया था इस रैली में आज कांग्रेस पार्टी के भूपेंद्र हुड्डा, दीपेंदर हुड्डा, और तमाम कांग्रेस के नेताओ ने शिरकत की। इसी रैली स्थल पर बेरी हल्के के गांव के लोगो ने आज रैली में पहुंचने का अपना अलग अंदाज बनाया इस काफिले में गांव छारा से जोगिंदर सिंह उर्फ भुन्डू प्रधान ने करीबन सैकड़ो गाड़ियों के काफिले को छारा से बेरी में हो रही रैली में लोगो को ले जाने का कार्य किया वहीं प्रधान 14 गामा भुंडू सरपंच ने बताया की आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पूर्ण बहुमत से होगी और कांग्रेस पार्टी हमेशा से गरीब और कमेरेवर्ग के हित की पार्टी रही है।और आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को किया सम्मानित

संवाददाता। गौरवशाली भारत



नांगल चौधरी। एसएमएसडी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में सोमवार को भूगोल व राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को उपरोक्त प्रश्नोत्तरी प्रतियोगितामों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। भुगोल विभाग के विजेता कमल, सतबीर टीम ने प्रथम स्थान तथा पलक, रोहित की टीम ने द्वीतीय और राहुल, रुडमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान विभाग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में टीम बी के राहुल, अरुण ने प्रथम, टीम ए में कमल सिंह, सतबीर ने द्वीतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं टीम सी में प्रशांत, कुलदीप सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार यादव ने नकद पुरस्कार सहित प्रशंसा-पत्र प्रदान किए और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. विक्रम सिंह, प्रमोद कुमार, कर्मवीर सिंह, सुमित यादव, अशोक यादव उपस्थित रहे।

### मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स पर परेड आयोजित

लखनऊ। मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी) के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ में सोमवार को कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि नौ सप्ताह का यह पाठ्यक्रम युवा सशस्त्र बल चिकित्सा और दंत चिकित्सा अधिकारियों को गहन युद्ध चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्रदान करता है ताकि उन्हें प्रभावी ढंग से अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए सशक्त बनाया जा सके। पाठ्यक्रम में त्रि-सेवा प्रतिनिधित्व वाली 21 महिला अधिकारियों और लेसोथो रक्षा बलों के एक अधिकारी सहित 122 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया। इस कोर्स समापन परेड की समीक्षा लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम, कमांडेंट, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट द्वारा की गई। उन्होने बताया कि 307 फील्ड अस्पताल के कैप्टन लवली भटनागर को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड अधिकारी चुना गया और उन्हें कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। 326 फील्ड अस्पताल के कैप्टन अरविंदन एम को फील्ड इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी होने के लिए मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। युवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए, समीक्षा अधिकारी ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और परेड के सावधानीपूर्वक संचालन के लिए उन सभी की सराहना की और उन्हें पेशेवर दक्षता के उच्चतम क्रम को बनाए रखते हुए सेना चिकित्सा कोर की परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### 'कमल' निशान बना उन्नति, सुरक्षा, समृद्धि की पहचान

बुलंदशहर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण तथा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से कमल निशान-उन्नति, सुरक्षा व समृद्धि की पहचान बना। बुलन्दशहर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। हमें लोगों को पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है तथा बूथ पर डटे रहना है। बैठक में सिटिंग प्लान के साथ गौतमबुद्धनगर लोकसभा की सिकन्दराबाद विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मिलित रहे। सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक व सामरिक उन्नति के साथ सबको साथ लेकर देश में सबका विकास हो रहा है। बूथ की मजबूत ईकाई से ही बूथ विजय संभव है। बूथ की मजबूती के के लिए बूथ के मतदाताओं तथा लाभार्थियों के साथ नियमित सम्पर्क तथा मोदी सरकार व योगी सरकार की नीतियों व योजनाओं के साथ संवाद आवश्यक है। बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की नियमित बैठक तथा कार्यों का वर्गीकरण प्रत्येक लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कहा कि बैठकों के दौरान सभी सदस्यों का घर से टिफिन लाकर साथ बैठकर भोजन करने से परिवार के रूप में काम करने का संस्कार विकसित होता है, जो कार्य को सहज, सरज तथा सफल बनाता है। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्षों की बैठक में सिटिंग प्लान का नया प्रयोग किया गया है जो बैठक के वातावरण को बूथ केन्द्रित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य हम सभी को दिया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आप सभी को अपना बूथ जीतना है और बड़े अन्तर से जीतना है।